हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 212, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 3 फरवरी, 2024 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

## रामराज्य स्थापित करने में सफल रही सरकार : राज्यपाल

### वापस जाओ... के नारों और हंगामे के बीच राज्यपाल ने पढ़ा पूरा अभिभाषण

लखनऊ। यूपी विधानमंडल का बजट सत्र शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानमंडल के दोनों सदनों को संबोधित किया और सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। वर्तमान बजट सत्र 12 फरवरी तक चलेगा। पांच फरवरी को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश करेंगे।

**सपा के सदस्यों ने किया हंगामा और नारेबाजी**– राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा के सदस्य लगातार नारेबाजी और हंगामा करते रहे। सभी विपक्षी सदस्य राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगा रहे थे। इस दौरान भाजपा के सदस्य भी शोरगुल करने लगे। हालांकि, राज्यपाल अपना अभिभाषण पढ़ती रहीं।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण के अंत में कहा कि प्रदेश सरकार अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए प्रदेश में रामराज्य स्थापित करने में सफल रही है। प्रदेश में दो बार हुई इंवेस्टर्स समिट, जी20, विश्वकप 2023 के आयोजन के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ



है जिसने दुनिया के सामने प्रदेश की एक नई छवि रखी है।

**प्रत्येक जिले में खेलो इंडिया सेंटर की हो रही स्थापना**– राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर काम कर रही है। इसके लिए प्रत्येक जिले में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही खिलाड़ियों को अलग-अलग सेवाओं में नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। सदन में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के विधायक लगातार हंगामा और शोरशराबा करते रहे और राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगा रहे थे। इस पर राज्यपाल ने भी जवाब दिया और कहा कि कौन चला जाएगा... ये बाद में पता चलेगा। मैं तो जाने वाली नहीं...। इसके बाद उन्होंने अपना अभिभाषण पढ़ना जारी रखा। राज्यपाल के जवाब देने से भाजपा सदस्य भी उत्साहित हो गए और एक स्वर में उनका समर्थन किया।

**उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बोले, सभी विधायकों को बजट सत्र में भाग लेना चाहिए**– उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, "भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। ये बजट सत्र है और बजट सत्र में सभी विधायकों को भाग लेकर उत्तर प्रदेश के विकास के लिए अपना योगदान करना चाहिए। समाजवादी पार्टी अपने डीएनए को कभी भी बदल नहीं पाई... उसका अराजकता और गुंडई फैलाना अभी भी कायम है...।

**अयोध्या में जारी विकास परियोजनाएं गिनाई, विकास को सराहा**– राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में अयोध्या में चल रही विकास योजनाएं गिनाई। उन्होंने कहा कि इन विकास परियोजनाओं से दिव्य व भव्य अयोध्या दुनिया के सामने आ रही है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुर्नस्थापना हुई है। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव ने अयोध्या को नई पहचान दी है और अब प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगर आ रहे हैं। अभिभाषण के दौरान लगातार हो रहे हंगामे से नाराज होकर राज्यपाल ने कुछ देर के लिए अभिभाषण बंद कर दिया और विपक्ष के सदस्यों की तरफ देखकर कहा कि ... और शोर मचाइए...। इसके बाद अभिभाषण पढ़ना जारी रखना। विपक्ष के सदस्य प्रदेश की कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए लगातार सदन में नारेबाजी कर रहे हैं। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिए सरकार ने एक जिला एक उत्पाद योजना की शुरूआत की है।

### ज्ञानवापी मामले में कोर्ट के फैसले से दुखी हुए रामगोपाल यादव

नई दिल्ली। ज्ञानवापी मामले में वाराणसी की अदालत ने बुधवार को अहम फैसला सुनाया। अदालत ने हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा-अर्चना की इजाजत दी है। वहीं, अब सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने अदालत के फैसले पर सवाल उठाए हैं। सपा नेता ने ज्ञानवापी मामले में आई अदालत के फैसले पर टिप्पणी की है। उन्होंने दावा किया है कि अदालतें कई मौकों पर सही फैसला नहीं सुनाती हैं। इस फैसले पर जुड़े सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अदालत के आदेशों का हमेशा विरोध होता है। क्या अदालत के फैसले हमेशा सही होते हैं। रामगोपाल यादव से इस पर विस्तार से टिप्पणी को लेकर पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि कई मौकों पर ऐसा नहीं होता है, लेकिन सब कुछ बिल्कुल सही भी नहीं है। हर फैसला एक पक्ष के लिए सही होता है, जबकि दूसरे पक्ष के लिए गलत। बाद में उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी पर सुप्रीम कोर्ट को ही फैसला करना है। आप जानते हैं कि एक फैसला आया, कोई राज्यसभा में आया, किसी को आयोग का अध्यक्ष बनाया जाएगा। ऐसा ही होता है। उधर, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड भी अदालत के फैसले से खुश नहीं है। बोर्ड के अध्यक्ष सैफुल्ला रहमानी ने कहा कि ज्ञानवापी में जो हुआ, इससे मुस्लिमों के साथ अमन पसंद लोगों को भी धक्का पहुंचा है।

## यूपी बजट : सीएम योगी की अपील, दलीय सीमाओं से उठकर सकारात्मक चर्चा का हिस्सा बने विपक्ष

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वर्ष 2024 के उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सत्र शुभारंभ के अवसर पर सभी विपक्षी सदस्यों से दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास के लिए सदन में सकारात्मक चर्चा की अपील की। सत्र शुभारंभ के पूर्व उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में प्रदेश के बारे में जो सकारात्मक माहौल बना है, विरोधी दल भी उसका लाभ लेकर सकारात्मक चर्चा में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर सीएम योगी ने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भी सभी को बधाई दी।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सकुशल संपन्न होने की आप सभी को हृदय से बधाई देता हूं और आज से प्रारंभ हो रहे वर्ष 2024 के उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सत्र शुभारंभ अवसर पर सभी माननीय सदस्यों का हृदय से स्वागत करता हूं। सत्र का शुभारंभ माननीय राज्यपाल के अभिभाषण से हुआ। अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। किसी भी वर्ष के शुभारंभ के पहले का सत्र का जो बिजनेस होता है वह विधानमंडल में माननीय राज्यपाल के अभिभाषण से ही शुरू होता है। सीएम योगी ने कहा कि यह बजट सत्र है तो वर्ष 2024-25 का बजट भी इस



दौरान उत्तर प्रदेश विधानमंडल में प्रस्तुत होगा और वर्ष भर की आय और व्यय को लेकर सदन में चर्चा होगी। सत्र प्रारंभ होने के पहले दलीय नेताओं के साथ बैठक और उससे पूर्व बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक करके जो कार्य योजनाएं तय हुई हैं, उसके अनुसार सरकार ने अपनी पूरी तैयारी भी की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल 25 करोड़ जनता जनार्दन की आशा और आकांक्षाओं और अपेक्षाओं का एक केंद्र है। जनता से जुड़े हर सुख और दुख से जुड़ी हुई घटनाओं का यह साक्षी है। प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल पिछले 5-6 वर्षों के अंदर लोकतंत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में अपनी सकारात्मक चर्चा के लिए जाना जा रहा है। इस अवसर पर अपने विपक्षी मित्रों से भी अपील करूंगा की जो माननीय सदस्यों की भावनाएं हैं उसे दलीय सीमाओं से उठकर के प्रदेश के विकास के लिए विधान सभा या विधान परिषद को हमें एक सकारात्मक चर्चा का केंद्र बनाने की आवश्यकता है और इस दृष्टि से यह सत्र हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण सत्र होगा।

सीएम योगी ने कहा कि सत्र के दौरान राज्यपाल जी के अभिभाषण पर चर्चा होगी। उसका जवाब भी सरकार की तरफ से दिया जाएगा। बजट पर चर्चा के अवसर पर सदस्यों को महत्वपूर्ण मुद्दों और अनुदान मांगों पर अपनी राय रखने का अवसर प्राप्त होगा। इसके अलावा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े हुए या प्रदेश के विकास से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण बातों को सदन के समक्ष रखने का भी अवसर प्राप्त होगा। पूर्ण विश्वास है कि देश और दुनिया में प्रदेश के बारे में जो सकारात्मक माहौल बना है, विरोधी दल भी उसका लाभ लेकर सकारात्मक चर्चा में अपना योगदान देंगे।

## जैसलमेर में शक्ति प्रदर्शन करेगी वायु सेना, आसमान में गरजेंगे राफेल और प्रचंड समेत कई सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट

जैसलमेर। भारतीय वायु सेना 17 फरवरी को जैसलमेर में 'वायु शक्ति अभ्यास' के दौरान अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी। इस अभ्यास को लेकर भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने अपडेट दिया है। मालूम हो कि इस अभ्यास में 120 से अधिक विमानों का प्रदर्शन किया जाएगा। एयरफोर्स की ओर से जानकारी दी गई है कि राजस्थान के जैसलमेर में 17 फरवरी को वायु शक्ति अभ्यास में कुल 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर, 5 परिवहन विमान और 12 मानव रहित प्लेटफार्म भाग लेंगे। भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने कहा, "राफेल लड़ाकू जेट और प्रचंड हमले के हेलीकॉप्टर सहित सभी फ्रंटलाइन विमान वायु शक्ति अभ्यास में भाग लेंगे। हम अभ्यास में सेना की बंदूकें भी एयरलिफ्ट करेंगे। अभ्यास के दौरान सेना रुद्र हेलिकॉप्टर से हथियार दागेगी और



सेना की अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर तोप को चिनूक हेलीकॉप्टर के नीचे लटका कर प्रदर्शित किया जाएगा।" हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों में राफेल की MICA मिसाइल और LCA तेजस से R-73 मिसाइलें दागी जाएंगी। राफेल लड़ाकू जेट और प्रचंड हमले के हेलीकॉप्टर सहित सभी फ्रंटलाइन विमान वायु शक्ति अभ्यास में भाग लेंगे। उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने कहा, "राफेल लड़ाकू विमान, प्रचंड हेलिकॉप्टर पहली बार अभ्यास में हिस्सा लेंगे। सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली समर भी पहली बार अभ्यास में हिस्सा लेगी।" एपी सिंह ने कहा, "वायु शक्ति अभ्यास 1954 से चल रहा है और हम अभ्यास में लक्ष्य पर सटीक बमबारी करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। भारत में निर्मित एलसीए तेजस, प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर और एएलएच ध्रुव भाग लेंगे। दो घंटे की अवधि में, हम एक से दो किमी के दायरे में लगभग 40-50 टन आयुध गिराएंगे।"

## अखिलेश यादव का दावा, पीएम मोदी को छोड़कर सबका टिकट काटने जा रही भाजपा

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं आपको एक ब्रेकिंग न्यूज दे रहा हूं। भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में एक सांसद को छोड़कर सबका टिकट काटने जा रही है और उनकी भी सीट बदल दी जाएगी। माना जा रहा है कि अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को छोड़कर सभी का टिकट काटने की बात कही है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि हो सकता है कि पीएम मोदी की भी सीट बदल दी जाए। पीएम मोदी अभी वाराणसी से सांसद हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक) ही एनडीए को हराएगा। भाजपा सरकार में युवा बेरोजगारी से त्रस्त हैं। 10 साल सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा बेरोजगारी और महंगाई कम नहीं कर पाई है। किसानों से किए गए उनके सभी वादे अधूरे हैं। भजापा ने अपने राज में किसानों को सबसे ज्यादा दुखी किया है। "भारतीय जनता पार्टी अपने सभी सांसदों के टिकट काटने जा रही है। पीडीए वह 90% लोग हैं जो भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त हैं।" उन्होंने कहा कि पीडीए में 90 प्रतिशत वो लोग शामिल हैं जो कि भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी से



त्रस्त हैं। सपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 16 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सपा इंडिया गठबंधन में शामिल है और कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। हालांकि, सपा द्वारा कांग्रेस को विश्वास में लिए बिना प्रत्याशियों की घोषणा करने पर कांग्रेस ने नाराजगी जताई है।

## ज्ञानवापी: व्यासजी तहखाने मामले में मुस्लिम पक्ष को राहत नहीं, अगली तारीख के साथ ही सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

प्रयागराज/वाराणसी। वाराणसी स्थित ज्ञानवापी तहखाना में पूजा अर्चना की अनुमति देने संबंधी जिला जज वाराणसी के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को कोई फौरी राहत नहीं मिली। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने 31 जनवरी की स्थिति बहाल करने की मांग की है। अगली सुनवाई अब छह फरवरी को होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने कहा कि मस्जिद पक्ष पहले 17 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दे। इस आदेश से जिलाधिकारी वाराणसी को रिसीवर नियुक्त किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके बाद जिला न्यायालय ने 31 जनवरी के अंतरिम आदेश से काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पुजारी के जरिए तलगृह में पूजा करने की अनुमति दी है। महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र का कहना था कि सरकार की जिम्मेदारी कानून



व्यवस्था कायम रखने की है। डीएम सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं। अंजुमन इंतेजामिया कमेटी के वकील एसएफए नकवी से कोर्ट ने पूछा कि बेसिक आदेश 17 जनवरी 2024 का है। उसको क्यों चुनौती नहीं दी। कमेटी के वकील ने कहा कि 31 जनवरी का आदेश आने के कारण तुरंत आना पड़ा। बेसिक आदेश को भी चुनौती देंगे। क्योंकि आदेश होते ही जिलाधिकारी ने रात में तैयारी कर ली और नौ घंटे में पूजा शुरू करा दी। कहा कि जिला जज ने अपने ही आदेश के विपरीत अंतरिम आदेश देकर वस्तुतःवाद स्वीकार कर लिया। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने अपील की पोषणीयता पर आपत्ति की। कहा कि मूल आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। अधीनस्थ अदालत ने वादी को राहत नहीं दी है। मंदिर ट्रस्ट को अधिकार दिया है। अंजुमन इंतजामिया कमेटी बृहस्पतिवार तड़के सुप्रीम कोर्ट भी गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट जाने का सुझाव दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगली तारीख छह फरवरी को सुनवाई होने तक ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा होती रहेगी।

## झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ीं, कोर्ट ने पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा

झारखण्ड। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को रांची में पीएमएलए अदालत ने पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले कोर्ट ने उन्हें गुरुवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोरेन को 31 जनवरी को भूखंड के अवैध कब्जे और भूमि माफिया के साथ कथित संबंध से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हेमंत सोरेन ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से की गई उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने शुक्रवार को सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से हाईकोर्ट जाने को कहा। इससे पहले ईडी ने बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले सोरेन को ईडी की हिरासत में राज्यपाल से मिलकर सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इस बीच ईडी ने विशेष अदालत को बताया कि सोरेन के पास रांची में एक दूसरे से सटे 12 भूखंड हैं जिनका माप कुल 8.5 एकड़ है। इन पर सोरेन का अवैध कब्जा है और वह उनका उपयोग करते हैं और उन्होंने यह जानकारी छिपा कर भी रखी थी। एजेंसी ने कहा कि ये भूखंड मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराध की आय है। राज्य सरकार के कर्मचारी और राजस्व विभाग में सब इंस्पेक्टर भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ राज्य के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी में संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। इससे पता चला कि प्रसाद अन्य लोगों के साथ मिलकर संपत्तियों को अवैध रूप से हासिल करने की साजिश में शामिल था, इसमें हेमंत सोरेन द्वारा हासिल की गई संपत्तियां भी शामिल हैं।

## 'कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत एक', कांग्रेस सांसद के 'अलग देश' वाले बयान पर बोले खरगे

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के तीसरे दिन विपक्षी इंडी गठबंधन ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। विपक्ष ने झारखंड में चल रहे राजनीतिक हलचल पर केंद्र को घेरने का काम किया। इसको लेकर सभी पार्टियों ने रणनीति भी बना ली है। झारखंड में नए सीएम के शपथ में हुई देरी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में नाराजगी जताई। खरगे ने कहा कि झारखंड में संविधान की धज्जियां उड़ाई गई है। उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार एक ही दिन में इस्तीफा देते हैं और दोबारा सीएम पद की शपथ ले लेते हैं। वहीं, झारखंड में ऐसा नहीं होता है। झारखंड के मुद्दे पर इंडी गठबंधन के सांसदों ने लोकसभा से वॉकआउट कर दिया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के अलग देश की मांग करने के बयान पर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। जोशी ने कहा कि मैं सोनिया गांधी से माफी और कार्रवाई की मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि एक सांसद के रूप में ये उनकी शपथ का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मैं आग्रह करता हूं कि मामला आचार समिति को भेजा जाए। कांग्रेस को कार्रवाई करनी चाहिए। अगर वे नहीं मानेंगे तो




देश मान लेगा कि आप भी देश के 'टुकड़े-टुकड़े' करने की चाह में शामिल हैं। कांग्रेस सांसद के अलग देश संबंधी बयान की निंदा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत एक है। खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी 'देश को तोड़ने' की बात करने वाले किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेगी या उसके पक्ष में खड़ी नहीं होगी। बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी, केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल रहे। वहीं, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव अनुदान मांगों 2023-24 पर संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति की 45 वीं रिपोर्ट में शामिल सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक बयान देंगे। केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश आज राज्यसभा में "भारत को लाभ पहुंचाने के लिए स्टार्ट-अप के पारिस्थितिकी तंत्र" पर विभाग से संबंधित वाणिज्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति की 182वीं रिपोर्ट में शामिल सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक बयान देने वाले हैं।

## यूसीसी पर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बोले: हम हर उस कानून को मानेंगे, जिससे शरीयत को नुकसान न पहुंचे



बरेली। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून लागू होने जा रहा है। इसे लेकर भारत के मुसलमानों और उलमाओं का नजरिया स्पष्ट है। अगर यूसीसी कानून में शरीयत का लिहाज किया गया है तो मुसलमान इस कानून को मानेगा। अगर शरीयत के वसूलों के खिलाफ है तो मुसलमान मजबूर नहीं है कि यूसीसी को माने। मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि भारत के मुसलमानों ने हमेशा कानून का सम्मान किया है और सम्मान करते रहेंगे, मगर शरीयत के खिलाफ नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि हम हर उस कानून को मानेंगे, जिससे शरीयत को नुकसान न पहुंचता हो। बता दें कि उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने अपनी मसौदा रिपोर्ट वहां के सीएम पुष्कर सिंह धामी को सौंप दी है। इससे माना जा रहा है कि प्रदेश में जल्द ही यह कानून लागू हो सकता है।

## संपादकीय

# रेवड़ियों से मुक्त बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश दूसरे कार्यकाल के अंतिम बजट को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि आम चुनाव से पहले इसमें तमाम लोकलुभावनी घोषणाएं की जा सकती हैं। लेकिन इस अंतरिम बजट में ऐसा कुछ नजर नहीं आया। बहरहाल, वित्त मंत्री ने अपने अब तक के सबसे छोटे भाषण में मोदी सरकार की पिछले दस सालों की उपलब्धियों का भरपूर बखान किया। साथ ही सरकार के विकसित भारत के संकल्प को बार-बार दोहराया। नौकरी-पेशे वाले करदाता आयकर में छूट की उम्मीद लगाए बैठे थे कि शायद इनकम टैक्स स्लैब में चुनावी साल में कोई बदलाव हो। लेकिन गुजरात से लेकर दिल्ली तक की यात्रा में प्रधानमंत्री मुफ्त की संस्कृति से परहेज करते रहे हैं। इस बजट का एक संकेत यह भी माना जा सकता है कि भाजपा भविष्य के राजनीतिक रुझान को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है, तभी किसी लोकलुभावनी घोषणा से परहेज किया है। बहरहाल, बजट में स्टार्टअप के लिये छूट जरूर एक साल के लिये बढ़ाई गई है। एक करोड़ महिला लखपति दीदी बनाने के बाद तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया। वित्तमंत्री ने अमृतकाल में सरकार के रिफॉर्म, परफॉर्म तथा ट्रांसफॉर्म की नीति पर चलने की बात कही। सौर प्रणाली के जरिये एक करोड़ लोगों को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने की भी बात कही। वहीं अधिक मेडिकल कॉलेज बनाने और वर्तमान अस्पतालों के इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रयोग करने की भी बात कही गई। साथ ही सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिये टीकाकरण अभियान चलाने की भी बात कही। वहीं दूसरी ओर आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी कार्यकताओं को अब आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने की बात भी सरकार ने कही है। इसके साथ रेलवे के तीन हाई ट्रैफिक कॉरिडोर बनाने की घोषणा भी सरकार ने की। जिससे रेलों की स्पीड और सुरक्षा बढ़ेगी। साथ ही वंदे भारत श्रेणी की चालीस हजार बोगियां बनाने का जिक्र वित्तमंत्री ने किया। वित्तमंत्री ने पिछले दस साल में एयरपोर्टों की संख्या दुगनी होकर 149 होने की बात कही। अपने बजट भाषण में वित्तमंत्री ने काफी समय तक राजग सरकार की दस वर्षों की उपलब्धियों के लिये सरकार की पीठ थपथपायी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किये गए संरचनात्मक सुधार से भारतीय अर्थव्यवस्था में व्यापक बदलाव आये हैं। जीएसटी का संग्रह इस साल बढ़कर 1.66 लाख करोड़ रुपये हुआ है। डायरेक्ट टैक्स तीन गुना बढ़ा है। आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या 2.4 गुना बढ़ी है। जो 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की दिशा में प्रगति है। वित्तमंत्री ने मोदी सरकार के दौरान अपने छठे बजट को पेश करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब पूरी दुनिया की आर्थिक वृद्धि दो प्रतिशत के आसपास बनी हुई है, भारत इस साल भी सात प्रतिशत की विकास दर को बनाये रखेगा। बजट का एक निष्कर्ष यह भी है कि सरकार का ध्यान राजकोषीय घाटा कम करने पर है। जिसे घटाकर 5.8 किया गया है। जिसे अगले वित्त वर्ष में 5.1 करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं दूसरी ओर बजट से संकेत मिलता है कि सरकार देश की टूरिज्म इंडस्ट्री को बढ़ावा देना चाहती है। इस बजट में उसका बजट दो फीसदी बढ़ाया गया है। मालदीव विवाद के बीच लक्षद्वीप के लिये नई घोषणाएं की गई हैं। सीतारमण ने लक्षद्वीप समेत सभी द्वीपों में आधारभूत ढांचे और पोर्ट कनेक्टिविटी के प्रोजेक्ट शुरू करने की बात कही। साथ ही राज्यों के पर्यटन स्थलों को वैश्विक स्तर के बनाने के प्रयासों में केंद्र सरकार की मदद का आश्वासन दिया। इसके लिये लंबी समयावधि के लिये ब्याजमुक्त कर्ज देने की भी बात कही गई।

## काण्ड भी तमाम!



जैसी करनी वैसी भरनी ।
खाए खूब मलाई ।।
पर आए थे करने ।
जनता की भलाई ।।
तय मिलना परिणाम ।
पेश किया जो काम ।।
सत्य है पर लेकिन ।
काण्ड भी तमाम ।।
एक एक कर चीजें ।
बाहर आने वाली ।।
हो रहा कुछ सूखा ।
थी पहले हरियाली ।।
होना था प्रहार ये ।
आज नहीं तो कल ।।
फंस गई है गाड़ी ।
लगता मुश्किल हल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# झारखंड की राजनीति में आये इस तूफान के असल कारणों को समझना बेहद जरूरी है

चेतनादित्य आलोक

हाल ही में पड़ोसी राज्य बिहार में बेहद नाटकीय ढंग से तेजस्वी यादव के उपमुख्यमंत्रित्व वाली नीतीश कुमार नीत सरकार गिरी और शाम तक पुनः एक बार भाजपा के सहयोग से नीतीश सरकार बन भी गई। अब बारी झारखंड की थी, जाहिर है कि झारखंड भी इसमें पीछे नहीं रहना चाहता था। आखिर चुनावी साल जो है, ऐसे समय में कोई भी दल अथवा राज्य नाटकीयता, पाला बदल जैसे राजनीतिक खेलों से परहेज कैसे कर सकता है। तो, अब झारखंड में राजनीतिक खेल जारी है। झारखंड के हालिया घटनाक्रमों पर नजर डालें तो यह आसानी से समझ में आ जाएगा कि राजनीतिक खेल यदि कोई खेल-प्रतिस्पर्द्धा होती तो झारखंड अपने मातृ राज्य बिहार को पराजित कर गोल्ड मेडल अर्जित कर सकता था, लेकिन कोई बात नहीं, राजनीतिक खेल करने वाले दलों और नेताओं को बहुत अच्छी तरह मालूम होता है कि इस खेल में 'गोल्ड मेडल' भले ही नहीं मिलते हों, परंतु उन्हें 'वोट मेडल' तो मिल ही जाएगा, जिसकी अहमियत उनके लिए 'गोल्ड मेडल' से भी ज्यादा होती है। बहरहाल, झारखंड राज्य में जमीन खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के कथित पुराने मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करने के लिए समय मांगा तो हेमंत कथित रूप से फरार हो गए। शायद पूछताछ करने के बाद ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने का अनुमान उन्हें था।

देखा जाए तो हेमंत सोरेन के परिवार में गिरफ्तारी के भय से फरारी का इतिहास पुराना रहा है। इससे पहले मई 2004 में कोयला मंत्री के रूप में केंद्रीय कैबिनेट में शामिल हुए उनके पिता शिबू सोरेन को भी तब भूमिगत होना पड़ा था, जब चिरूडीह नरसंहार के 30 साल पुराने मामले में उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। उनके संबंध में कहीं से कोई जानकारी नहीं मिलने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने उनसे इस्तीफा मांग लिया था। इस प्रकार मंत्री बनने के मात्र ढाई महीने बाद ही शिबू सोरेन ने फैक्स के माध्यम से अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री को भेज दिया था। वहीं, नवंबर 2004 में जमानत मिलने के बाद उन्हें फिर से केंद्रीय कैबिनेट में शामिल कर लिया गया। केंद्रीय कोयला मंत्रालय में तब सचिव रहे प्रकाश चंद्र पारख ने अपनी पुस्तक 'शिखर तक संघर्ष' में शिबू सोरेन को व्यक्तिगत एजेंडे वाला मंत्री बताते हुए लिखा है कि कई मुद्दों पर शिबू सोरेन उनसे सहमत नहीं थे और उनके स्थानांतरण के लिए प्रधानमंत्री को उन्होंने पत्र भी लिखा था। नियुक्ति-भर्तियों से लेकर कोयला आवंटन तक के मामलों में शिबू सोरेन और पारख कभी एकमत नहीं होते थे। बताना जरूरी है कि यूपीए सरकार के समय हुए कोयला घोटाला के सनसनीखेज मामले को श्री पारख ने ही उजागर किया था, जिसके बाद वे 'व्हिसलब्लोवर' के रूप में विख्यात हुए थे। चिरूडीह मामला, जिसमें गिरफ्तारी के भय से शिबू सोरेन फरार हुए थे, 1975 में घटित हुआ भीषण नरसंहार का मामला था। उस दौर में शिबू सोरेन जवान और तीखे तेवर वाले राजनेता थे। वे संथाल परगना के विभिन्न क्षेत्रों में महाजनों के खिलाफ उग्र आंदोलन चला रहे थे। उस समय संथाल परगना का चिरूडीह इलाका भागलपुर कमिश्नरेट से जुड़ा हुआ था, किंतु जब 30 वर्षों के बाद यह मामला खुला, तब चिरूडीह जामताड़ा जिले का हिस्सा बन चुका था। खबरों के अनुसार उस चिरूडीह नरसंहार में कुल 13 लोग मारे गए थे। मृतकों में 09 मुस्लिम भी थे। बताया जाता है शिबू



सोरेन के समर्थकों ने 23 जनवरी 1975 को चिरूडीह में तथाकथित 'दिकू' लोगों के साथ हिंसा की थी। झारखंड में 'दिकू' उन लोगों को कहा जाता रहा है, जिन्हें शिबू सोरेन और उनके समर्थक बाहरी मानते रहे हैं और प्रायः पलायन करने के लिए मजबूर करते रहे हैं। हालांकि चिरूडीह नरसंहार मामले की शुरूआती पुलिस रिपोर्ट में शिबू सोरेन का नाम नहीं था, लेकिन पुलिस द्वारा कोर्ट में प्रस्तुत की गई चार्जशीट में उनका नाम भी शामिल था। बता दें कि 2004 में जब यह मामला सामने आया, तब तक 69 में से 25 आरोपित एवं 40 में से 20 गवाहों की मृत्यु हो चुकी थी। 2002 में झारखंड हाईकोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश वीके गुप्ता ने इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का आदेश दिया था। जून 2004 में शिबू सोरेन को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधिकारियों को दिल्ली भेजा गया। उन दिनों संसद का सत्र चलने के कारण गिरफ्तारी से पूर्व लोकसभा अध्यक्ष की अनुमति आवश्यक थी और जब तक अनुमति मिलती, तब तक शिबू सोरेन भूमिगत हो गए थे।

बहरहाल, झारखंड में राजनीतिक घटनाक्रम तेजी से बदले और हेमंत सोरेन दिल्ली से एक दिन की कथित गुमशुदगी के बाद रांची में प्रकट हुए। 31 जनवरी को इडी ने उनसे पूछताछ करने के बाद हिरासत में ले लिया था। फिलहाल कोर्ट द्वारा उन्हें एक दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है, जबकि उन्हें इडी की कस्टडी में भेजा जाए या नहीं, इसके लिए शुक्रवार को फिर कोर्ट में बहस होनी है। वैसे गिरफ्तारी से पूर्व हेमंत सोरेन ने झामुमो एवं आइएनडीआइए गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक कर अपनी गिरफ्तारी की स्थिति में पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम बनाने पर साथी दलों तथा झामुमो विधायकों को सहमत करने की भरपूर कोशिश की, लेकिन उनकी भाभी सीता सोरेन द्वारा इसका विरोध किए जाने के बाद उन्हें अपना पैंतरा बदलना पड़ा। सूत्र तो यह भी बता रहे हैं कि कुछ झामुमो विधायकों ने भी कल्पना के नाम पर आपत्ति जाहिर की थी। वैसे लगभग चार से छह झामुमो विधायक गुरुवार दोपहर तक पार्टी के विधायक दल के नवनिर्वाचित नेता चंपई सोरेन की पहुंच से बाहर बताए जा रहे हैं। ये वही विधायक हैं जो हेमंत की बैठक से भी नदारद थे। दूसरी ओर भाजपा के झारखंड प्रभारी इस राजनीतिक नाटक के शुरू होते ही रांची पहुंच गए और सूत्रों के अनुसार यदि आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार किसी कारण से शीघ्र नहीं बन पाती है तो सत्ताधारी दलों, विशेषकर झामुमो और कांग्रेस के विधायकों के छटक कर भाजपा के साथ जाने की संभावना है। वैसे संभावना तो इस बात की भी जताई जा रही है कि जो चार से छह झामुमो विधायक अब तक लापता हैं, वे भाजपा नेताओं के संपर्क में हो सकते हैं। विधायकों में संभावित टूट-फूट से बचने के लिए आइएनडीआइए गठबंधन के विधायकों को रांची के सर्किट हाउस के कमरे में बंद कर रखा गया, जिन्हें चार्टर्ड जहाज के द्वारा बंगलुरू भेजा जाना था। वहीं झामुमो की ओर से अब राज्य के भीतर ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, जिसमें राज्य की जनता के बीच वह अपने को निर्दोष दिखा सके और भाजपा को सरकार गिराने की कोशिश में संलिप्त बताकर उसे लोकतंत्र का हत्यारा साबित कर सके। यही कारण है कि जब इडी द्वारा मुख्यमंत्री आवास पर हेमंत सोरेन से पूछताछ की जा रही थी, तब राज्य के विभिन्न इलाकों में झामुमों कार्यकताओं और समर्थकों ने पारंपरिक हथियारों से लैस होकर उग्र आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया था।

# इंडिया गठबंधन बचाने के लिए कांग्रेस को सहयोगी दलों की भावनाओं को समझना होगा

रमेश सराफ धमोरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाकर एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प जाहिर किया था। कांग्रेस गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। मगर गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों की ताकत भी कम नहीं है। क्षेत्रीय दल भी अपने-अपने प्रदेशों में मजबूत स्थिति में है। इंडिया गठबंधन भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विकल्प मिला था। लगने लगा था कि आने वाले समय में यह गठबंधन भाजपा को टक्कर दे सकता है।

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने लगा वैसे-वैसे ही क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने कांग्रेस से सीटों का बंटवारा करने की बात करने लगे। मगर कांग्रेस पार्टी पहले कर्नाटक व हिमाचल विधानसभा चुनाव में व्यस्तता की बात कहती रही। फिर राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बहाने बात को टाल दिया। कांग्रेस के चलते इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई। उसके बाद भी कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे को लेकर बात आगे नहीं बढ़ायी। इसी के चलते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। ममता बनर्जी वहां कांग्रेस को मौजूदा दो सीट बहरामपुर व दक्षिण मालदा ही देना चाहती है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीटों पर दावा कर रही है। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस बहुत कमजोर है। ऐसे में उनकी पार्टी ही भाजपा को हरा सकती। इसलिए वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं देगी। इसके अलावा ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के साथ किसी तरह का सीट बंटवारा या समझौता भी नहीं करना चाहती है। ममता बनर्जी की एक तरफा घोषणा से इंडिया गठबंधन कमजोर पड़ा है। वहां कांग्रेस व वामपंथी दल बिना ममता बनर्जी के प्रभाव नहीं दिखा पाएंगे। सीटों पर तालमेल नहीं होने के चलते ही इंडिया गठबंधन के शिल्पकार व प्रमुख स्तंभ रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में पुनः भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली है। नीतीश कुमार का इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए में शामिल होना इंडिया गठबंधन के लिए शुभ संकेत नहीं है। नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन छोड़ने के बाद राष्ट्रीय जनता दल के बजाय कांग्रेस पर अधिक निशाना साधा है। नीतीश कुमार का कहना है कि कांग्रेस के नेता मनमाने ढंग से गठबंधन को चलाना चाहते हैं। जिसके चलते उन्होने गठबंधन छोड़कर भाजपा के साथ जाने में ही जदयू की भलाई समझी।

बिहार भाजपा के लिए सबसे कमजोर कड़ी साबित हो रहा था। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा ने वहां 17 सीटे जीती थी। मगर वर्तमान में भाजपा सबसे कमजोर स्थिति भी बिहार में ही नजर आ रही थी। मगर नीतीश कुमार के पुनः भाजपा से जुड़ने के चलते बिहार में एक बार फिर भाजपा के मजबूत होने की संभावना लगने लगी है। इंडिया गठबंधन का संयोजक नहीं बनाना भी नीतीश कुमार के जाने का एक बड़ा कारण रहा है। नीतीश कुमार चाहते थे कि उन्हें इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जाए। मगर कांग्रेस ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त करवा दिया था। जिससे नीतीश कुमार मन ही मन खुन्नस खाए हुए थे। नीतीश कुमार चाहते थे कि इंडिया गठबंधन का संयोजक बनने से वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। मगर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। जिसके चलते उन्हें लगने लगा कि कांग्रेस अपने ही नेताओं को प्रधानमंत्री का दावेदार बनाने जा रही है। इसलिए उन्होंने भाजपा से हाथ मिलाना ही बेहतर समझा। उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए ग्यारह सीट व राष्ट्रीय लोकदल के लिये सात सीट छोड़कर बाकी 62 सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाने की घोषणा कर दी है। जबकि कांग्रेस वहां 20 सीटों पर दावेदारी जता रही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास अभी एक मात्र रायबरेली की सीट है। जहां से सोनिया गांधी सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को वहां मात्र 6.31 प्रतिशत ही वोट मिले थे। उत्तर प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के चलते कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा था। वहां पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को 2.33 पतिशत ही वोट मिल पाये थे। कांग्रेस वहां अकेले ही चुनाव लड़ेगी तो स्थिति बहुत कमजोर रहेगी। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, असम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा में कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस अपने प्रभाव वाले प्रदेशों में भी साथी दलों के लिए कुछ सीटें छोड़े। जिससे उनके प्रत्याशी वहां चुनाव लड़ सकें। दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा में आम आदमी पार्टी का प्रभाव है। जिसके चलते आम आदमी पार्टी चाहती है कि गोवा व गुजरात में कांग्रेस उनके लिए कुछ सीट छोड़ें। बदले में दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को कुछ सीट दे सकती है। मगर कांग्रेस चाहती है कि पंजाब में अधिक सीटों पर वह लड़े। इसी के चलते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बिहार में कांग्रेस को राष्ट्रीय जनता दल, भाकपा माले, भाकपा, माकपा के साथ ही अन्य दलों के साथ समझौता करना पड़ेगा। इसी तरह झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतरेंगे। महाराष्ट्र में शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार आज भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। बाबा साहेब आंबेडकर के पोते प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी भी महाविकास अघाड़ी में शामिल हो गयी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस को अघाड़ी में शामिल दलों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सीटों के बंटवारे की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

विपक्ष में सबसे बड़ा दल होने के चलते कांग्रेस की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है कि वह अपने साथ इंडिया गठबंधन में शामिल सभी छोटे-बड़े दलों को जोड़कर उनकी भावनाओं को समझे और उन्हें सम्मानजनक स्थिति प्रदान करें। ममता बनर्जी, भगवंत मान, अखिलेश यादव की सीट बंटवारे पर एकतरफा घोषणा करने व नीतीश कुमार के एनडीए के साथ जाने से इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। ऐसे में कांग्रेस नेताओं को इस बात पर चिंतन मनन करना चाहिए कि ऐसी परिस्थितियों क्यों बन रही है जिसके कारण नीतीश कुमार जैसे मजबूत नेता को इंडिया गठबंधन छोड़ना पड़ा। भविष्य में ऐसी स्थिति फिर से ना बने जिससे उनके किसी अन्य सहयोगी को भी गठबंधन से अलग होना पड़े।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के उपयोग की चुनौतियां

दिनेश सी. शर्मा

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) टूल्स जैसे कि चैटजीपीटी तमाम क्षेत्रों में लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं, अब तो चिकित्सकों, मरीजों और स्वास्थ्य देखभाल एजेंसियों ने भी उपयोग शुरू कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एआई की नैतिक उत्तरदायित्व एवं परिचालन विधि को लेकर नए परामर्श प्रपत्र में चेतावनी युक्त संदेश जारी किया है, विशेषकर स्वास्थ्य क्षेत्र में लार्ज मल्टी-मोडल मॉडल्स (एलएमएम) के इस्तेमाल पर।

एलएमएम, जैसे कि चैटजीपीटी और बार्ड, टेक्सट और वीडियो जैसे इनपुट डाटा को स्वीकर कर सकता है और जो आउटपुट यह पैदा करेगा वह मात्र इंपुटेड डाटा तक सीमित नहीं है। ये व्यवस्थाएं मानवीय सक्षमता की नकल करने के लिए डिजाइन की गई हैं, यहां तक कि ऐसे कार्य करने में समर्थ हैं, जिनके लिए इनमें लर्निंग और एडैप्टिंग प्रोग्राम फीड न भी किए गए हों। इसलिए इनसे स्वास्थ्य से संबंधित मिथ्या, त्रुटिपूर्ण, पक्षपाती या अपूर्ण सूचनाएं आने का गंभीर जोखिम दरपेश है। यह भी अब साफ है कि एआई व्यवस्था को इस तरह ह्यसिखायाह्ल जा सकता है कि लैंगिक, जाति, नस्ल आदि से संबंधित असत्य, तोड़ा-मरोड़ा डाटा घड़कर यह हानिकारक या पक्षपाती सामग्री पैदा कर सके।

एआई का उपयोग बढ़ने के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2021 में मोटे तौर पर सामान्य दिशा-निर्देशक सिद्धांत जारी किए थे, जोकि स्वास्थ्य क्षेत्र में इस नई तकनीक के इस्तेमाल की संभावना को मान्यता थी। इन सिद्धांतों के मुताबिक, एआई तकनीक के लिए अनिवार्य था कि वह संप्रभुता की सुरक्षा, मानव भलाई को बढ़ावा, मानव सुरक्षा, जनहित को प्रोत्साहित करे, साथ ही पारदर्शी, व्याख्यात्मक हो एवं सुबोधता सुनिश्चित करती हो, उत्तरदायी और जिम्मेवाराना हो, सबका साथ और समानता सुनिश्चित करने वाली हो, उन तकनीकों को बढ़ावा दे जो प्रतिक्रियाशील और सतत हों। व्याख्यात्मक का अर्थ है कि पब्लिक डोमेन में एआई के डिजाइन या डिप्लॉयमेंट को लेकर समुचित जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। पिछले हफ्ते जारी नए दिशा-निर्देश स्वास्थ्य क्षेत्र में एलएमएम के विकास और अपनाए जाने से संबंधित हैं। एलएमएम का उपयोग समझने के लिए, किसी एआई तकनीक की वैल्यू-चेन (मूल्य-श्रृंखला) को समझना बहुत महतत्वपूर्ण है। इस श्रृंखला के किसी भी चरण पर, अहम निर्णय लेने पड़ेंगे, जो इस तकनीक की भावी दिशा और परिणामों पर असर डाल सकते हैं। श्रृंखला का आरंभ एलएमएम टूल को विकसित करने से होता है। विकसित करने वालों में, कोई एक बड़ी तकनीकी कंपनी, कोई यूनिवर्सिटी या एक तकनीक नव-उद्यम या राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली या सार्वजनिक-निजी भागीदार उद्यम हो सकता है। तत्पश्चात, एक प्रदाता, जो कोई तीसरा पक्ष भी हो सकता है, वह एलएमएम में आगे सूक्ष्म सुधार और इसको प्रशिक्षित करके एक प्रोग्रामिंग इंटरफेस पेश कर सकता है। बृहद सॉफ्टवेयर के साथ एलएमएम का एकीकरण करने की जिम्मेवारी प्रदाता की है ताकि यह एक एप्लीकेशन बन सके। चेन में तीसरा मुख्य खिलाड़ी डेप्लॉयर है, जो अंतिम छोर पर, उपयोगकर्ता को यह सेवा उपलब्ध करवाता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में, प्रदाता कोई एक अस्पताल श्रृंखला, सरकारी स्वास्थ्य एजेंसी या फिर दवा कंपनी भी हो सकती है। इस वैल्यू चेन के प्रत्येक चरण परझ्र डेवेलपर, प्रोवाइडर और डेप्लॉयर झ्रके अलावा बहु-नैतिकता एवं प्रशासनिक मुद्दों की भूमिका है। अधिकांशतः, डेवेलपर एक बड़ी तकनीकी कंपनी होगी क्योंकि एलएमएम विकसित करने को जरूरी पर्याप्त कम्प्यूटिंग पॉवर, तकनीकी कौशल और धन उसके पास होगा। लेकिन, एलएमएम अपने एल्गॉरिद ?्म एवं संभावित जोखिम संबंधी सूचना को अपारदर्शी बनाकर बड़ी तकनीकी कंपनियों के दबदबे को और मजबूती दे सकता है। पारदर्शिता को लेकर कॉर्पोरेट में प्रतिबद्धता नदारद होना एक मुख्य चिंता है।

नियामक और विधिक प्राधिकरण को एआई टूल्स द्वारा मौजूदा विधिक एवं नियामक तंत्र में दिए दिशा-निर्देशों, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्व और राष्ट्रीय डाटा सुरक्षा कानून के प्रावधानों के अनुपालन को लेकर चिंता है। एलएमएम की घोषणा के समय सरकार एवं नियामक एंजेसियां सकते में थीं क्योंकि उनके पास इसको लेकर कोई नियम मौजूद नहीं थे। उदाहरणार्थ, यूरोपियन यूनियन को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कानून की पुनर्समीक्षा के आखिरी पड़ाव पर एलएमएम को शामिल करने के लिए पुनः नए प्रावधान जोड़ने पड़े। वैल्यू चेन में एलएमएम के प्रशिक्षण के लिए जिस ढंग से डाटा एकत्रण या प्रबंधन और प्रसंस्करण चल रहा है, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हो सकता है यह एल्गॉरिद ?्म विधिक एवं नियामक तंत्र की पालना न करे। जैसा कि अध्ययनों में पाया गया है, एलएमएम में फर्जी प्रतिक्रिया देने की संभावना खुली है और नियमों का अनुपालन न करना देखा गया है। जैसे-जैसे एलएमएम का उपयोग स्वास्थ्य तंत्र को चलाने में बढ़ता जा रहा है, एक अन्य चिंता उपजी है कि गलतियों, दुरुपयोग और नुकसान होने की सूरत में जिम्मेवारी क्या होगी। अन्य तकनीकी एप्लीकेशंस की भांति, इस प्रणाली को भी साइबर अटैक का खतरा है, तब मरीज से संबंधित जानकारी को खतरा होगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मोटे तौर पर एमएलएल की पांच उपयोगिताओं की शिनाख्त की है, क्रमशः डायग्नोसिस एंड क्लीनिकल केयर, इनवेस्टीगेटिंग सिम्पट्म्स एंड ट्रीटमेंट, क्लेरिकल-एडमिनिस्ट्रेटिव टास्क (जैसे मरीज की फेरियों का संक्षिप्त विवरण) और मेडिकल एवं नर्सिंग शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं औषधि विकास। मरीजों की पूछताछ का उत्तर देने को स्वास्थ्य संबंधी रिकार्ड और फेरियों पर आधारित एआई, खासकर एलएमएम का उपयोग हेल्थ क्षेत्र में बढ़ रहा है। इससे स्वास्थ्य कर्मी का समय बचाने में मदद मिलेगी। एक कंपनी ऐसा मेडिकल एलएमएम विकसित कर रही है जो मरीज द्वारा पूछे सवालों का जवाब दे पाएगी और उसकी मेडिकल हिस्ट्री एवं जांच रिपोर्ट्स का डाटा (जैसे एक्स-रे रिपोर्ट) सम्मिलित करके संक्षिप्त ब्योरा और क्लीनिशियंस के लिए अंतिम रिपोर्ट तैयार करेगी। डर यह है कि जरूरी नहीं कि विशेषतौर पर प्रशिक्षित व्यवस्था भी सटीक उत्तर बना पाए। एआई टूल्स का एक बड़ा असर डॉक्टर-मरीज रिश्तों में आगे बदलाव होगा, जोकि मरीजों द्वारा इंटरनेट सर्च इंजन के उपयोग में बढ़ोतरी की वजह से पहले से खराब हैं। आगे की राह एआई टूल्स और एलएमएम का उपयोग बंद करने में नहीं बल्कि इन्हें पारदर्शिता से विकसित करने और इनके उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने में है। आरंभ के लिए, सरकार को स्वास्थ्य सेवा या दवा क्षेत्र को लेकर विकसित किए जाने वाली एमएलएम की अंदरूनी जानकारी तक पहुंच और अनुमति देने के लिए एक नियामक एजेंसी बनानी चाहिए। इसके साथ ही, कम्प्यूटिंग पॉवर एवं पब्लिक डाटासेट्स के समावेश वाला गैर-मुनाफा अथवा सार्वजनिक तंत्र विकसित करने का प्रयास हो, जिस तक सार्वजनिक, निजी और गैर मुनाफा टूल विकसित करने वालों की पहुंच हो। स्वास्थ्य सेवाओं और उत्पादों पर लागू होने वाले तमाम नैतिक और मानवाधिकार मानकों को विस्तार देते हुए एआई तकनीक एवं टूल्स पर भी लागू किया जाए। जहां कहीं स्वास्थ्य क्षेत्र और मेडिकल एप्लीकेशंस में एलएमएम का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो, वहां जारी किए जाने उपरांत इनकी लेखा-परीक्षा और प्रभाव का आकलन स्वतंत्र तीसरे पक्ष द्वारा करवाना अनिवार्य बनाया जाए। लिहाजा, न तो एआई के फायदों को बढ़ा-चढ़ाकर देखा जाए न ही इससे जुड़े जोखिमों को घटाकर पेश किया जाए।

# पूर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के चंदौली लोक सभा प्रभारी बनाए जाने पर प्रमोद वर्मा ने किया अभिनंदन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज भाजपा द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रम गांव चलो अभियान की कार्यशाला मंडल जखनिया प्रथम में पूर्व जिला अध्यक्ष जखनिया के प्रभारी भानु प्रताप सिंह के उपस्थिति में संपन्न हुई। भानु प्रताप सिंह को चंदौली लोकसभा प्रभारी बनाए जाने पर उनका वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने अभिनंदन किया, वहीं नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष धर्मवीर राजभर को भी स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया तथा जखनिया स्टेशन के सलाहकार समिति सदस्य बनाए जाने पर उमाशंकर यादव और पीयूष सिंह का भी स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष व चंदौली लोकसभा प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने कहा की गांव चलो अभियान के तहत पार्टी के जिम्मेदार कार्यकताओं को अपने मंडल के प्रभार दिए गांव में



जाकर प्रवास करना है, अपने संगठन के कार्यकताओं व सामाजिक लोगो वहाँ के ग्राम प्रधान से मिलकर भारत सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से सबको अवगत कराना है। भानु प्रताप सिंह ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हर गांव में जो भी सरकार की योजनाओं के लिए वंचित लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ है उन लोगों से मिलकर उनको भरोसा दिलाना है कि मोदी सरकार आएगी तो जो भी पात्र हैं उनको योजनाओं का लाभ जरूर मिलेगा। गांव के हर सामाजिक कार्यकर्ता, नौजवान, नेता व गांव के जो भी सम्मानित लोग हैं, सबसे मिलकर मोदी सरकार के कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करना है, और उनकी राय लेनी है। वर्तमान में जिस प्रकार से भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान सम्मान स्वाभिमान बढ़ाया है, वह वह तारीफे काबिल है, पूरे विश्व मे उसकी चर्चा है। मोदी की कार्य क्षमता और उनके द्वारा गरीब शोषित, वंचित वर्ग के लिए किए गए कार्यों की सराहना दबे जुबान से विरोधी भी कर रहे हैं। हम सभी कार्यकताओं को अपने संगठन के लोगों से मिलते हुए गांव के सभी लोगों को यह भरोसा दिलाना है की, आने वाले समय में गांव भी किसी शहर से कम नहीं होगा, यह मोदी जी का सपना ही नहीं उनकी गारंटी है। इस अवसर पर जखनिया विधानसभा संयोजक रघुवंश सिंह पप्पू, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश राजभर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा, अवधेश यति, शिव सिंह, नंदलाल प्रजापति, उमाशंकर राजभर, सीताराम चौहान, नालनीश सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, सत्येंद्र पासवान, अनीता चौहान, अरविंद चौहान सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धर्मवीर राजभर व संचालन महामंत्री पीयूष सिंह ने किया।

## 6 करोड़ 34 लाख की लागत से बनेगा भैंसउर गांव का अंडरपास

धीना। काफी लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार भैंसउर गांव के सामने अंडरपास बनने की स्वीकृति रेलवे विभाग ने दे दिया है।केंद्रीय मंत्री व सांसद ड़ा0 महेन्द्रनाथ पांडेय का बीते 9 साल का अथक प्रयास रंग लाया है।अब क्षेत्र के लगभग तीन दर्जन गांवों के किसानों व राहगीरों को काफी सहूलियत मिल जाएगी। दानापुर मंडल के धीना रेलवे स्टेशन के समीप भैंसउर गांव के सामने रेलवे ट्रैक बना हुआ है।ग्रामीण प्रतिदिन मजबूरी में कम दूरी के चक्कर में जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करते है।क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बीते 2019 को भैंसउर गांव के सामने 10 दिनों तक लगातार रेलवे ट्रैक पर अंडरपास या ओभरब्रिज बनाने का मांग किया था।समस्या को देखते हुए केंद्रीय मंत्री व सांसद ड़ा0 महेन्द्रनाथ पांडेय ने धरनारत ग्रामीणों को अंडरपास या ओभरब्रिज बनवाने का आश्वासन दिया था।इसके लिए उन्होंने तत्कालीन रेल मंत्री सदानंद गौंडा, सुरेश प्रभु, पीयूष गोयल, रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से अंडरपास या ओभरब्रिज बनाने का मांग किया था।रेलवे के उच्चाधिकारियों ने मौके पर जांचकर 6 करोड़ 34 लाख रुपए से अंडरपास बनाने का स्वीकृति दिया।इससे अब लगभग 3 दर्जन गांवों के किसानों व ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी सहूलियत मिल जाएगी।ग्रामीण विजयशंकर राय,श्रीप्रकाश शुक्ल,मोहन राय,कामेश्वर राय, जयप्रकाश उपाध्याय, रतन सिंह, दरोगा राय, श्रीराम उपाध्याय, छोटे सिंह,पंकज शुक्ला आदि ने केंद्रीय मंत्री व सांसद का सराहना किया।भैंसउर गांव के सामने बने अंडरपास बनने से लगभग 3 दर्जन गांवों के किसानों व राहगीरों को आवागमन करने में काफी सहूलियत हो जाएगी।इसमें डैना, पचखरी, बेटाडीह, इमीलिया, घोसवा, मचवा, तुलसी आश्रम,दुबौलिया आदि गांव शामिल है।वही यह सड़क चन्दौली, सैयदराजा, नई बाजार आदि बाजारों में जाने का सबसे नजदीक रास्ता है।इससे लगभग 20 से 25 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी से राहगीरों को निजात मिल जाएगी।केंद्रीय मंत्री व सांसद लोकसभा मीडिया पर प्रभारी व भाजपा जिलाउपाध्यक्ष हरिबंश उपाध्याय ने बताया कि दानापुर मंडल के कुचमन रेलवे क्रांसिग में लगभग 92 करोड़ 61 लाख,सकलडीहा रेलवे क्रासिंग तथा कुचमन के मध्य भोजापुर रेलवे क्रांसिग में 133 करोड़ से ओभरब्रिज स्वीकृत हो चुका है।

## जिले में शान्ति व्यवस्था के लिए डीएम संग एसपी ने भारी पुलिस बल के साथ किया रुट मार्च



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद मे शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के विभिन्न मार्गो का पैदल रूट मार्च किया। अधिकारी द्वय ने शहर के विशेश्वरगंज चौराहे से रौजा होते हुए राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, एम0एच0 इण्टर कालेज तक रूट मार्च किया। इस दौरान उन्होने लोगो से जनपद में शान्ति बनाये रखने की अपील करते हुए किसी भी प्रकार की अफवाहो पर ध्यान न दे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शहर, उपजिलाधिकारी सदर उपस्थित रहे।

## विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं, मेडल प्रशस्ति पत्र से किया पुरस्कृत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आम जनमानस को आर्द्र भूमि के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करने के लिये प्रतिवर्ष दो फरवरी को विश्व आर्द्र भूमि दिवस मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के नेतृत्व में विश्व वेटलैण्ड दिवस पर नेचर एण्ड बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में दो फरवरी को नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल 24 पुरैना ताल सुलेमापुर महाहर धाम मनाया गया।बर्ड फेस्टिवल के आयोजन में वन विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों एवं संस्थाओं तथा शैक्षिक संस्थानों, वन्यजीव फोटोग्राफर्स आदि की सहभागिता रही। इस मौके पर क्षेत्र के कई विद्यालय के बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता, पेन्टिंग प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी आदि आयोजित की गई। उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजकीय अधिकारियों, कर्मचारियों छात्र छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत



भी किया गया।इस मौके पर डॉ सर्वेश कुमार सिंह एवं डा दिवाकर मिश्र ने बताया कि वेटलैंड पशु पक्षी एवं वनस्पति के समन्वय के बारे में जानकारी दी। प्रभागीय निदेशक विवेक यादव समाजिक वानिकी प्रभागीय ने अपने संदेश हेतु जन सहभागिता की अपील की उन्होंने बताया की जनसंभागिता के बगैर पर्यावरण के किसी भी अंक को बचाना संभव नहीं है चाहे वह आद्र भूमि हो या पेड़ पौधे हो या पशु पक्षी हो ।इस मौके पर आनंद शेखर ,जितेंद्र यादव, आशीष राम, राज किशोर, गौरव सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी नंदगंज, दिनेश यादव, आदित्य कुमार यादव, दीपक यादव, नम्रता सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी, चंद्रशेखर यादव, शशि प्रकाश सिंह, रामनारायण यादव, लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन लव कुमार सिंह ने किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक विवेक गुप्ता क्षेत्र वन अधिकारी मृदा द्वारा कार्यक्रम में आए सभी लोगों के प्रति आभार जताया।

## विभु पांडे ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना जन्मदिन एक अलग ढंग से मनाया

प्रखर रामनगर वाराणसी। स्पंदन गोमती रामसूरत वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष विभु पांडे ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना जन्मदिन एक अलग ढंग से मनाया उन्होंने दिन की शुरूआत काशी के प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन और पूजन से किया एवं बी.एच.यू. अस्पताल जाकर उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर हर वर्ष रक्तदान करने का अपना संकल्प पूरा किया.. साथ ही साथ नेत्रदान रजिस्ट्रेशन कराते हुए बी.एच.यू. आई बैंक को संकल्प दिया कि जब भी मेरे साथ कोई अनहोनी हो जाए तो हमारे परिवार के लोगों द्वारा आपको सूचित किया जाएगा .. और कहा कि यूं ही नेत्रदान का रजिस्ट्रेशन करना कोई बड़ी बात नहीं है बड़ी बात यह है कि जब भी व्यक्ति के साथ कोई अनहोनी हो जाए तो उनके परिवार वाले आई बैंक को तुरंत सूचित करें.. और उन्होंने अपने परिवार के साथ संकल्प लेकर यह नेक काम किया.. इतना ही नहीं राजकीय बाल गृह में जाकर अनाथ बच्चों के साथ केक काटकर



बच्चों के साथ खूब आनंद किया सभी बच्चे बेहद खुश हुए कुछ बच्चे रोते हुए यह कहने लगे कि आप मेरी दीदी हो आप हमेशा मुझसे मिलने आना . . इस अवसर पर बाल गृह के प्रधानाचार्य एवं भाई के रूप में हर वक्त खड़े रहने वाले पार्षद मनोज यादव डॉक्टर शौकत अली विराट शुभम सूरज अर्श खां अमित दीपक तुषार शीला तारा नगीना रिमी कौर एवं सभी स्टाफ मौजूद थे इस शुभ अवसर पर विभु पांडे ने सभी लोगों को भोजन कराते हुए आशीर्वाद लेकर विदा लिया।इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ पत्रकार संजय पांडे जी अजीत यादव जी अजय कुमार चौबे जी कार्यालय पर जाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी स्पंदन के सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े ही धूमधाम से जन्म दिवस मनाया इस विशेष अवसर पर नगर एवं दूर दराज के सभी जाने-माने लोगों ने अपने-अपने तरीके से शुभकामनाएं दी संस्था की अध्यक्ष विभु पांडे ने बहुत भावुक होते हुए यह कहा कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे ईश्वर ने इतने नेक कामों के लिए चुना जिसे पूर्ण कर मैं हृदय से संतुष्ट होती हूं और जीवन पर्यंत मेरी यही कोशिश रहेगी कि मैं बेसहारों का सहारा बन सकूं.. तथा सभी नगर वासियों .स्पंदन की छात्र-छात्राओं एवं पत्रकार बंधुओ का हृदय तल से आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुहम्मदाबाद थाना कोतवाली अंतर्गत वृहस्पतिवार को शाम लगभग 7 बजे साइकिल सवार लगभग 55 वर्षीय एक अधेड़ की अज्ञात चार पहिया वाहन के टक्कर से मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक नवापुरा निवासी रमेश प्रसाद वर्मा पुत्र स्वर्गीय मुसाफिर वर्मा उम्र लगभग 55 वर्ष शाम को हरिहरपुर से अपने घर नवापुरा लौट रहा था ।वह साइकिल से लौट रहा था। कि अचानक राष्ट्रीय राजमार्ग 31 भरौली गाजीपुर मार्ग पर हरिहरपुर गांव के पास विपरीत दिशा से गाजीपुर की ओर जा रही अज्ञात चार पहिया वाहन से जोरदार धक्का लगा ।जिससे वह दूर जा गिरा। घटना की सूचना नागरिकों ने थाना कोतवाली को दी। सूचना पाकर थाना कोतवाली प्रभारी आदेश कुमार त्यागी तथा उप निरीक्षक आनंद गुप्ता सदल बल मौके पर पहुंचे तथा नागरिकों से पूछताछ की ।इसके पश्चात घायल को तत्काल मुहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।रास्ते में ही जिला अस्पताल जाते समय उसकी मौत हो गई ।पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## करीमुद्दीनपुर पुलिस ने लूट के झूठ का अनावरण करते हुए अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मु0बाद के निकट पर्यवेक्षण में गुरुवार को सूचनाकर्ता सम्राट कुमार राय पुत्र हरिकिशुन राय ग्राम टुटुवारी थाना नरही जनपद बलिया द्वारा थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर में आकर सूचना दी गयी कि दिनांक 31 जनवरी 24 को रात्रि लगभग 08.00 बजे 03 नकाब पोश बदमाशों द्वारा एक अपाची गाड़ी से गोड़उर पुलिया के आगे थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर में सूचना कर्ता सम्राट कुमार राय उपरोक्त से कट्टा सटाकर 10 लाख रुपये व मोबाइल लूट लिया गया । इस सूचना पर तत्काल संज्ञान लिया गया । घटना का समय व सूचना मिलने के समय में काफी अन्तर होने के कारण घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही थी। उच्चाधिकारीगण को सूचना प्रदान कर उनके कुशल मार्ग दर्शन में घटना के समस्त पहलुओं की जाँच करते हुये सूचनाकर्ता के मोबाईल नम्बर के सीडीआर विश्लेषण एवं सूचना कर्ता के पूछताछ से सूचनाकर्ता द्वारा स्वीकार किया गया कि 10 लाख रुपये गबन करने एवं धोखा देने की नियत से 10 लाख रुपये घर में ही छिपाकर लूट की झूठी कहानी रची और पुलिस को सूचना दी। सूचनाकर्ता अभियुक्त सम्राट कुमार राय की निशादेही पर उसके घर के पास आटा चक्की की झोपड़ी में छिपाये गये 10 लाख रुपये को आज शुक्रवार को समय 05.30 बजे सुबह बरामद किया गया। अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अपने भाई का 10 लाख रुपये गबन करने व पुलिस को झूठी सूचना देने का दण्डनीय अपराध है । अभियुक्त सम्राट कुमार राय पुत्र हरिकिशुन राय ग्राम टुटुवारी थाना नरही जनपद बलिया को थाना हाजा पर धारा 406,420,411 भादवि को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह थाना करीमुद्दीनपुर, उप निरीक्षक हैदर अली अंसारी थाना करीमुद्दीनपुर, कांस्टेबल अवधेश कुमार थाना करीमुद्दीनपुर, कांस्टेबल संजीव कुमार थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## युवा स्मार्टफोन का उपयोग ज्ञान वृद्धि के लिए करें छात्र : कृष्ण बिहारी राय

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत कुशलपाल सभागार में वाणिज्य एवं कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा गाजीपुर के लोकसभा प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्री कृष्ण बिहारी राय रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ०राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रोफेसर डॉ० एस०डी० सिंह, स्मार्टफोन योजना के नोडल अधिकारी प्रोफेसर डॉ० एस० एन० सिंह कर्मचारी नेता विवेक सिंह "शम्मी" ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तदोपरांत विषय स्थापना और मुख्य अतिथि के स्वागत के क्रम में प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय का उद्बोधन हुआ। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सूचना क्रांति के महत्व को



रेखांकित करते हुए कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से छात्र-छात्राएं इस तकनीकी युग के अनुरूप स्मार्ट बन सकते है।उन्होंने बताया कि आज के युग में युवाओं को ऑनलाइन अध्ययन के लिए शासन की ओर से दिए जाने वाले स्मार्टफोन / टैबलेट का सदुपयोग करना चाहिए। मुख्य अतिथि माननीय कृष्ण बिहारी राय ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह प्रसन्नता का विषय है कि स्मार्टफोन के माध्यम से आज योगी आदित्यनाथ सरकार ने ज्ञान का भण्डार आपके हाथों में प्रदान किया है। आप द्वारा स्मार्टफोन का उपयोग केवल ज्ञान के वृद्धि के लिए होना चाहिए। प्रधानमंत्री जी ने देश के युवा शक्ति का आवाहन किया है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान प्रदान करें। प्रधानमंत्री जी का मानना है कि युवाओं के बल पर ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। देश व दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का जो सपना देखा हैं, वह सूचना क्रांति का सकारात्मक प्रभावी क्रियान्वयन से ही सफल होगा। इसी को ध्यान में रखकर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना चलाकर युवाओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट उपलब्ध करा रहे हैं। श्री राय ने हर्ष व्यक्त किया कि वह इसी कालेज से विज्ञान स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण किए थे और आज स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के तौर पर वह आए हैं। यह उनके लिए हर्ष का विषय है। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य नियंता प्रोफेसर डॉ० एस०डी० सिंह परिहार ने कहा कि मुख्य अतिथि अपने व्यस्त कार्यक्रमों में से समय निकालकर महाविद्यालय परिसर में आना सुनिश्चित किए यह महाविद्यालय परिवार के लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक रूप से सरकार की ओर से दिए जाने वाले मोबाइल का सदुपयोग कर अपने पठन-पाठन को सहज बनाना चाहिए। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर डॉ० एस०एन० सिंह के साथ ही डॉ० रामदुलारे, डॉ० योगेश कुमार, डॉ० हरेन्द्र सिंह, डॉ० रवि शंकर वर्मा, डॉ० रवि शेखर सिंह, डॉ० विजय कुमार सिंह, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर श्रवण कुमार शुक्ला, डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह, श्री अविनाश चंद्र, डॉ० अभिषेक यादव, डॉ० गौतमी जायसवारा, डॉ०आलोक रंजन श्रीवास्तव , डॉ०अशोक कुमार डॉ० पीयूष कांत सिंह, डॉ०अजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ० नितीश कुमार सिंह, डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, डॉ० शशिशेखर आदि के साथ स्टेनो संजय श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक विजय कुमार सिंह, अमितेश कुमार, कृष्ण मुरारी, सुनील, शिवबचन, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## पूर्व एमएलसी जगजीवन बाबू के निधन पर सपा कार्यालय पर आयोजित हुई शोक सभा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस शोकसभा में देश के पुर्व रक्षामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के पुर्व मुख्य मंत्री स्व.मुलायम सिंह के निजी सचिव, पूर्व एमएलसी, आजीवन नेताजी के पारिवारिक सदस्य की तरह रहे समाजवादी पार्टी के सशक्त स्तंभ जगजीवन बाबू जी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से समाजवादी पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। पूरा जीवन नेता जी और पार्टी की सेवा पूरे समर्पण भाव से करते रहे। वह जीवन के अंतिम समय तक पार्टी कार्यालय पर बैठकर कार्यकताओं की फरियाद सुनते रहे और उनकी शिकायतों का निस्तारण करते रहे। पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाने में उनका अप्रतिम योगदान रह। शोकसभा में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा, पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, आमिर अली, रविन्द्र प्रताप यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, डॉ समीर सिंह, तहसीन अहमद, राजेन्द्र यादव, रामाशीष यादव, राजेश यादव, निजामुद्दीन खां, द्वारिका यादव, आदि शामिल रहे। शोकसभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति एवं परिजनों को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

## सहकारिता सम्मेलन लखनऊ में शामिल होने को लेकर भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लखनऊ में आयोजित होने वाले विशाल सहकारिता सम्मेलन में भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सरोजेश सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक लाखन सिंह ने कहा कि ठगबंधन गठबंधन करके अन्य तमाम पार्टियां सिर्फ भारतीय जनता पार्टी और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने से रोकना चाहते है। उन्होंने कहा कि सहकारिता का देश की राजनीति मे बहुत बड़ा योगदान है। सहकारी संघ के नेता पूर्व विधायक विरेन्द्र सिंह ने कहा कि सहकारिता में सुधार को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा काम किया है तथा सरकार का लगातार प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है आम आदमी के जीवन को समृद्ध करने में सहकारिता की बहुत बड़ी भूमिका हो सकती है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सरोजेश सिंह ने कहा कि पुर्व की सरकारों की गलत नीतियों से गबन और गलत आहरण के कारण बंद, मृत समितियों को भी चालू तथा पुनर्जीवित किया जा रहा है जहां से खाद और बीज का वितरण प्रारम्भ किया जाएगा। सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक दुर्गेश सिंह ने सबके प्रति आभार धन्यवाद व्यक्त किया। संचालन महामंत्री प्रवीण सिंह ने किया। इस अवसर पर अच्छे लाल गुप्ता, पारस राय, आनंदी त्रिपाठी, रविंद्र नाथ राय, अशोक गुप्ता, मनोज सिंह, राकेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा, बृजबाला सोनी, लाल परिखा पटवा, राकेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में इलेक्ट्रीशियन द्वितीय वर्ष विजेता व फिटर उपविजेता घोषित



चौबेपुर (वाराणसी)। मार्कण्डेय ग्रुप ऑफ आईटीआई के तत्वावधान में कराए जा रहे आठ दिवसीय अंतर्विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के पांचवें दिन आज शुक्रवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज के कबड्डी के फाइनल मुकाबले में मार्कण्डेय आईटीआई की इलेक्ट्रीशियन द्वितीय वर्ष की टीम विजेता व फिटर की टीम उपविजेता रही। आज के कार्यक्रम के अतिथिगण अजय गुप्ता (अकेला ), आशीष यादव, आनंद उपाध्याय, वीरेंद्र उपाध्याय, अरविंद कुमार पांडेय, दुर्गेश चौबे, रवि मिश्रा, अशोक चौबे, अमरिश तिवारी (रिंकू), शिवबचन चौहान, भोजनाथ प्रजापति, सुरजीत सिंह, अजय सिंह, अनिल कुमार यादव, पारसनाथ यादव, मनोज मौर्य, अजय कुमार यादव व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत निदेशक अरुण कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम का दिशा निर्देशन उपनिदेशक अपूर्व कुमार तिवारी, संचालन राहुल कुमार व वीडियोग्राफी हितेश ठाकुर ने किया।

## शिक्षा पर ही टिका है देश का भविष्य : रीता गुप्ता

कुशीनगर । आज के बच्चे, कल के भविष्य हैं। बुनियादी शिक्षा पर ही बच्चों व देश का भविष्य टिका होता है। बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम शिक्षकों के द्वारा ही किया जाता है। उक्त बातें शुक्रवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर स्थित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशम्भरपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी कसया रीता गुप्ता ने कही। कहा कि मजबूत राष्ट्र की परिकल्पना साकार तभी हो सकती है जब हमारे बच्चे कुशल व सुशिक्षित हो। कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ कसया गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन कर व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया। इस दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। बच्चों की मनोहारी प्रस्तुति देखकर उनके अभिभावक गदगद दिखे। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गोरखपुर के मण्डल अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने भी संबोधित किया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ,भ्रूण हत्या, धूम्रपान आदि विषयों पर बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर समाज को संदेश देने का काम किया। इससे पूर्व बच्चों ने विद्यालय में आयोजित खेल कूद के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। उसके पश्चात को आयोजित शिक्षक अभिभावक बैठक में विभाग के विभिन्न योजनाओं तथा डीबीटी आदि बिंदुओं पर जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका पुष्पा सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमर प्रकाश पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का संचालन आलोक कुमार तिवारी ने किया। अन्त में वरिष्ठ शिक्षक चन्द्रपाल सिंह ने आगंतुकों का आभार ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मालदीव के महाभियोजक पर हमले में दो गिरफ्तार

**माले।** मालदीव के महाभियोजक पर एक दिन पहले हुए हमले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ था। महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार सुबह माले शहर की एक सड़क पर टहल रहे थे, तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने उन पर हथौड़े से हमला किया। समाचार पोर्टल 'सन डॉट एमवी' के मुताबिक, पुलिस आयुक्त अली शुजाउ ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि हमले के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन उनके बारे में कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया।

### अमेरिका : निर्माणाधीन ढांचा ढहने से तीन मरे

**बोइस।** अमेरिकी राज्य इदाहो के बोइस में हवाई अड्डा मैदान में एक निर्माणाधीन स्टील का ढांचा बुधवार को ढह गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बुधवार रात जारी एक बयान में कहा गया कि ढांचा ढहने से घायल हुए लोगों में से पांच की हालत गंभीर है। बोइस दमकल विभाग के संचालन प्रमुख आरोन हम्मेल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सूचना मिलने पर अधिकारी शाम लगभग पांच बजे घटनास्थल पहुंचे। बोइस हवाई अड्डे पर स्टील-फ्रेम वाला ढांचा लगाया जा रहा था जो ढह गया।

### रास के उपसभापति पैनल का पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को उच्च सदन के लिए उपसभापति पैनल का पुनर्गठन किया और इसमें महिलाओं को समान हिस्सेदारी दी गयी है। पुनर्गठित पैनल में आठ सदस्य है जिनमें चार महिलाएं है। इसमें अधिकतर सदस्य विपक्ष से है। पैनल में रमिलाबेन बेचारभाई बारा, सीमा द्विवेदी, अमी याज्ञिक, मौसम नूर, कनकमेदला रवींद्र कुमार, प्रभाकर रेड्डी वेमीरेड्डी, मनोज कुमार झा और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) डी पी वत्स को शामिल किया गया है।

### रूस से 207 बंदी यूक्रेन लौटे : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि 207 यूक्रेनी बंदी रूस से घर लौट आए। जेलेंस्की ने बुधवार को टेलीग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, हमारे लोग वापस आ गए हैं। उनमें से 207 लोग हैं। चाहे कुछ भी हो हम उन्हें घर लौटाएंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पकड़े गए यूक्रेनियनों को मुक्त कराने के प्रयासों के लिए यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय के प्रमुख, किरिलो बुडानोव, राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख, एंड्री यरमक और अन्य अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

**ह्यूस्टन।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अमेरिका के ह्यूस्टन में गैर-लाभकारी संगठन श्री सीता राम फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 400 लोगों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत भजनों के साथ हुई। इसके बाद सुंदरकांड पाठ, राम लीला, राम भजन हुए ,विशेष रूप से तैयार की गई वेदिका में हवन किया गया तथा भगवान राम का पट्टाभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान राम की शोभा यात्रा निकाली गई तथा अयोध्या से विशेष तौर पर लाए गए प्रसाद के वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### संजय वर्मा को यूपीएससी का सदस्य नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक संजय वर्मा को संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी वर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां यूपीएससी सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई। आयोग भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), आईएफएस और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) सहित अन्य के वास्ते अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। यूपीएससी सदस्य को छह साल की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु होने तक नियुक्त किया जाता है।

# WHO के दिशानिर्देशों को लागू करने से अनावश्यक सीजेरियन प्रसवों में कमी संभव

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारत में कराये गये एक प्रायोगिक अध्ययन में पाया गया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशों को लागू करने से बच्चे के जन्म के दौरान महिलाओं की देखभाल में सुधार में मदद मिल सकती है तथा अनावश्यक सीजेरियन प्रसव कम हो सकते हैं।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाभर में पांच प्रसव में एक सीजेरियन होता है और आने वाले दशक में यह कुल प्रसव का एक तिहाई हो जाएगा। उसने कहा कि जब चिकित्सा वजहों से सीजेरियन किया जाता है, तो वह जीवनरक्षक हो सकता है और यह उत्तम चिकित्सा देखभाल का अनिवार्य हिस्सा होता है, लेकिन इसमें कुछ जोखिम भी होते है। यह नवीनतम अध्ययन पत्रिका 'नेचर मेडिसिन' में प्रकाशित हुआ है। यह अध्ययन डब्ल्यूएचओ के प्रसव देखभाल (एलसीजी) दिशानिर्देश का यादृच्छिक परीक्षण है। अध्ययन दल ने नियमित देखभाल की तुलना में नवीन एलसीजी रणनीति के क्रियान्वयन का मूल्यांकन करने के लिए भारत में चार अस्पतालों में प्रायोगिक परीक्षण किया। इस दल में कर्नाटक के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अनुसंधानकर्ता शामिल थे। इस अध्ययन के लेखक और आस्ट्रेलिया के बर्नट इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर जोशुआ वोगेल ने कहा कि इस अध्ययन से पता चला कि व्यस्त, सीमित संसाधनों वाली व्यवस्था समेत भारतीय चिकित्सा तंत्र में नियमित क्लीनिकल देखभाल में एलसीजी को लागू करना संभव है । उन्होंने कहा, 'दुनियाभर में महिलाओं द्वारा बच्चों को जन्म देने के दौरान क्लीनिकल एवं सहयोगपरक देखभाल को लेकर डब्ल्यूएचओ ने एलसीजी जारी किया। वैसे तो यह सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध प्रमाणों के साथ समन्वय के लिए विकसित किया गया है, लेकिन अब तक महिलाओं एवं शिशुओं पर उसके प्रभाव को लेकर हम दृढ नहीं रहे है।' वोगेल ने कहा कि एलसीजी में अनावश्यक सीजेरियन को कम करने की क्षमता है क्योंकि सीजेरियन में माताओं एवं उनके शिशुओं के लिए स्वास्थ्य जोखिम है।

उन्होंने कहा, 'हाल के दशकों में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में जन्म के दौरान अधिक 'दखल' का एक आम रुख रहा है और वह सीजेरियन की ऊंची दर में दिखा है।' उन्होंने कहा, 'जब सही वक्त पर सीजेरियन का इस्तेमाल किया जाता है तो यह स्वास्थ्य परिणाम में सुधार ला सकता है, लेकिन अक्सर बिना स्पष्ट चिकित्सा जरूरत के उसका उपयोग किया जाता है। हमारे अध्ययन से सामने आया कि जब एलसीजी को अच्छी तरह लागू किया गया तो बिना किसी अतिरिक्त नुकसान के सीजेरियन की दरों में कमी आयी।'

# रांची में हेमंत सोरेन के अवैध कब्जे में है साढ़े आठ एकड़ जमीन : ईडी

**रांची (भाषा)।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया है कि गिरफ्तार किये गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अवैध कब्जे व उपयोग में यहां करीब 8.5 एकड़ कुल क्षेत्रफल के एक दर्जन भूखंड है और यह धन शोधन रोधी कानून के तहत अपराध से अर्जित आय है।

मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के शीघ्र बाद सोरेन (48) को ईडी ने बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया था। एजेंसी ने दिन में उनसे सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता के खिलाफ संघीय एजेंसी ने जो आपराधिक मामला दर्ज किया है वह जून 2023 की ईसीआईआर (प्राथमिकी के समान) से उपजा है। इससे पहले, राज्य सरकार के कर्मचारियों और राजस्व विभाग के उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ राज्य में विभिन्न स्थानों पर छापे मारे गए थे। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, एजेंसी ने प्रसाद के परिसरों से 11 बड़े बक्से बरामद किये जिनमें जमीन के दस्तावेज रखे हुए थे। साथ ही, 17 मूल खाते भी बरामद किये थे। ईडी का दावा है कि प्रसाद भूमि रिकॉर्ड और उनके सरकारी स्वामित्व विवरण के कई मूल खातों के संरक्षक थे।



एजेंसी ने आरोप लगाया है कि प्रसाद भ्रष्ट आचरण में लिप्त थे जिनमें मूल रिकॉर्ड का फर्जीवाड़ा भी शामिल है और वह फर्जी तरीके से कई संपत्ति की खरीद से जुड़ी गतिविधियों में कई व्यक्तियों के साथ संलिप्त थे। ईडी ने झारखंड सरकार के साथ यह सूचना साझा की जिसने रांची के सदर पुलिस थाने में एक जून 2023 को प्रसाद के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की। केंद्रीय एजेंसी ने 26 जून 2023 को ईसीआईआर दर्ज करने के लिए इस प्राथमिकी का संज्ञान लिया।

ईडी का दावा है कि प्रसाद, हेमंत सोरेन की अवैध संपत्तियों सहित कई संपत्तियों की खरीद एवं उन्हें छिपाने में अन्य लोगों के साथ साजिश रचने में सक्रिय रूप से शामिल थे। इसने कहा कि ये विवरण भी प्रसाद के मोबाइल फोन से हासिल किये गए। आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, सोरेन को बुधवार रात 10 बजे राजभवन से ईडी ने गिरफ्तार किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी तलाशी लिये जाने के दौरान एक धार्मिक लॉकेट और एक अंगूठी निकालने से इनकार कर दिया। एजेंसी ने उनकी गिरफ्तारी के आधार का विवरण देते हुए कहा कि इसने धन शोधन रोकथाम कानून के प्रावधानों के तहत कई व्यक्तियों के बयान दर्ज किये थे और इस कवायद से यह स्थापित हुआ कि 12 भूखंड एक दूसरे के सामने स्थित है, जिनका कुल क्षेत्रफल 8.5 एकड़ है। एजेंसी ने कहा कि इन भूखंडों की छानबीन किये जाने पर यह पता चला कि ये सोरेन के अवैध कब्जे और इस्तेमाल में है। वहीं, सोरेन ने दलील दी है कि ये भूखंड छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत आते है और इन्हें हस्तांतरित नहीं किया जा सकता।

# 'हरित' प्रणोदन प्रणाली ने कार्यक्षमता को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया

**नई दिल्ली (भाषा)।**

स्वदेशी रूप से विकसित 'हरित' प्रणोदन प्रणाली ने एक प्रमुख मिशन के तहत लॉन्च किए गए पेलोड पर 'इन-ऑर्बिट' कार्यक्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्रालय ने इसे अंतरिक्ष रक्षा तकनीकी क्षेत्र में एक 'बड़ी छलांग' बताया है। प्रणोदन प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन की प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत विकसित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इस नयी तकनीक के चलते 'लो ऑर्बिट स्पेस' के लिए गैर नुकसानदेह और पर्यावरण-अनुकूल प्रणोदन प्रणाली तैयार हुई है।

> ■ रक्षा मंत्रालय ने इसे अंतरिक्ष रक्षा तकनीकी क्षेत्र में एक 'बड़ी छलांग' बताया है

इस प्रणाली में स्वदेशी रूप से विकसित 'प्रोपेलेंट, फिल और ड्रेन वाल्व, लैच वाल्व, सोलेनॉइड वाल्व, कैटलिस्ट बेड, ड्राइव इलेक्ट्रॉनिक्स' शामिल है। यह हाई थ्रस्ट आवश्यकताओं वाले अंतरिक्ष मिशन के लिए आदर्श है। मंत्रालय ने कहा, 'इसने पीएसएलवी सी-58 मिशन द्वारा लॉन्च किए गए पेलोड पर कक्षा में कार्यक्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। एल्टीट्यूड कंट्रोल और माइक्रो सैटेलाइट को कक्षा में रखने के लिए '1एन क्लास ग्रीन मोनोप्रोपेलेंट थ्रस्टर' नाम के इस प्रोजेक्ट को बेंगलुरू स्थित स्टार्ट-अप बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (विकास एजेंसी) को दिया गया था।'

इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क, बेंगलुरू में पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल से टेलीमेट्री डेटा को ग्राउंड लेवल सॉल्यूशन के साथ मान्यता दी गई है और इसने सभी प्रदर्शन मापदंडों से अधिक प्रदर्शन किया है। डीआरडीओ के प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग एंड मेंटरिंग ग्रुप के मार्गदर्शन में विकास एजेंसी द्वारा परियोजना को पूरा किया गया है। टीडीएफ रक्षा मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे रक्षा और एयरोस्पेस, विशेषकर स्टार्ट-अप और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) में नवोन्मेष के वित्तपोषण के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत डीआरडीओ द्वारा क्रियान्वित किया जाता है।

# श्रीलंका : विवादास्पद ऑनलाइन सुरक्षा विधेयक को मंजूरी

**कोलंबो (भाषा)।**

श्रीलंका की संसद ने ऑनलाइन सामग्री को विनियमित करने के लिए बृहस्पतिवार को एक विवादास्पद विधेयक का अनुमोदन किया, वहीं विपक्ष ने इसकी आलोचना करते हुए दावा किया है कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन करेगा।

संसद के संचार कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि स्पीकर महिंदा यापा अबेयवर्धने ने हस्ताक्षर कर विधेयक को प्रमाणित किया। अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर, इस विधेयक को प्रमाणित न करने की मांग के बावजूद स्पीकर ने इस पर हस्ताक्षर किया। संसद ने पिछले सप्ताह संशोधनों के साथ इस विधेयक को मंजूरी दी थी। नए कानून से ऑनलाइन सुरक्षा आयोग की स्थापना होगी जिसे अपराधों पर दंडात्मक निर्णय लेने की शक्तियां दी गई है। ऑनलाइन मंचों पर झूठे बयान देने के दोषी पाए जाने पर अधिकतम पांच साल की कैद या अधिकतम पांच लाख श्रीलंकाई रुपए के जुमनि का प्रावधान किया गया है। इस विधेयक की कड़ी आलोचना की गई।

# IPEF समझौता 24 से होगा प्रभावी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

> ■ अमेरिका ने की घोषणा
> ■ भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया समेत 14 साझेदार देश हैं शामिल

अमेरिका ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा के तहत लचीली आपूर्ति श्रृंखला पर एक महत्वपूर्ण समझौता 24 फरवरी से प्रभाव में आएगा जिसमें भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया समेत 14 साझेदार देश शामिल हैं।

अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रैमंडो ने कहा कि यह समझौता आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और अवरोधों को समाप्त करने में सहयोगात्मक रुख वाला होगा। अमेरिका के वाणिज्य विभाग ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन से संबंधित 'समृद्धि के लिए हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा' (आईपीईएफ) समझौता 24 फरवरी से प्रभाव में आएगा। उसने कहा, यह इस ऐतिहासिक और अपनी तरह के पहले समझौते को साकार करने तथा जुझारू, सक्षम, उत्पादक, टिकाऊ, पारदर्शी, विविधतापूर्ण, सुरक्षित, निष्पक्ष और समावेशी आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण को लेकर आईपीईएफ के साझेदारों के बीच समन्वय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हिंद-प्रशांत के लिए अमेरिका के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मई 2022 में समृद्धि के लिए महत्वाकांक्षी हिंद-प्रशांत आर्थिक रूपरेखा (आईपीईएफ) की शुरुआत की थी। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा, लचीली आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल व्यापार जैसे क्षेत्रों में समान विचार वाले देशों के बीच गहन सहयोग करना है। भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अलावा आईपीईएफ के अन्य सदस्य देशों में ब्रूनेई दारुस्सलाम, फिजी, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाइलैंड और वियतनाम है।

आईपीईएफ के सदस्य देशों ने आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों को रोकने, उन्हें कम करने और इनके लिए तैयार होने के वास्ते गहन सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने के लिहाज से आपूर्ति श्रृंखला समझौते पर बातचीत की। इस तरह के अवरोध पिछले कुछ सालों में कोविड महामारी के कारण सामने आए थे। रैमंडो ने कहा, मैं ठोस प्रगति करने और रिकॉर्ड समय में ठोस परिणाम देने के लिए आईपीईएफ भागीदारों की निरंतर प्रतिबद्धता और उत्साह देखकर रोमांचित हूं।'

# सब्सिडी पाने वाली 4 फिल्मों का चयन

> ■ बोलीं, चयनित फिल्मों को 50 लाख से दो करोड़ रुपए तक की सब्सिडी दी जाएगी



**चंडीगढ़।** मनोहर सरकार द्वारा हरियाणा फिल्म एवं मनोरंजन नीति-2022 के तहत सब्सिडी के लिए चार फिल्मों का चयन किया गया है। ये चयन हरियाणा फिल्म प्रमोशन बोर्ड के अंतर्गत गठित गवर्निंग काउंसिल की बैठक में किया गया, जिसकी अध्यक्षता गवर्निंग काउंसिल की अध्यक्ष एवं विख्यात फिल्म अभिनेत्री मीता वशिष्ठ ने की। चयनित फिल्मों को 50 लाख रुपये से लेकर दो करोड़ रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। इस मौके पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के डीजी एवं काउंसिल के सदस्य सचिव मंदीप सिंह बराड़ भी उपस्थित रहे।

डीजी बराड़ ने बताया कि जल्द ही राज्य सरकार द्वारा आयोजित एक समारोह में चयनित फिल्म को सब्सिडी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के गठन से लेकर अब तक वर्तमान सरकार ने ही पहली बार फ़िल्म नीति लागू की है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की लोक संस्कृति को संरक्षण देने के साथ-साथ बढ़ावा देना तो है ही, साथ ही सिनेमा के रूप में लोगों को स्वस्थ मनोरंजन उपलब्ध करवाना है। इसके अलावा इसके माध्यम से राज्य में रोजगार के अवसरों में भी बढ़ोतरी होगी। फिल्म नीति बनने के उपरांत सिंगल-विंडो शूटिंग परमिशन एवं सब्सिडी प्रोत्साहन से बॉलीवुड के अलावा अन्य भाषाओं में फ़िल्में बनाने वाले निर्माताओं को भी हरियाणा आकर्षित करने लगा है।

बैठक में काउंसिल के सदस्यों में अभिनेत्री सुमित्रा हुडा, अभिनेता यशपाल शर्मा, हरीश कटारिया भी उपस्थित रहे, जबकि पूर्व आईपीएस अनिल कुमार, प्रसिद्ध फिल्म मेकर एवं स्क्रिप्ट राइटर रूमी जाफ़री व मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली वर्चुअली जुड़े और अपने विचार सांझा किए। बैठक में प्रदेश के लोगों को राज्य की समृद्ध संस्कृति के साथ अच्छे सिनेमा की गांव तक पहुंच के लिए अनेक विकल्पों पर चर्चा हुई। काउंसिल की अध्यक्ष मीता वशिष्ठ ने कहा कि फिल्म नीति को और अधिक प्रभावी व व्यावहारिक बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहने चाहिए।

सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के डीजी एवं काउंसिल के सदस्य सचिव मंदीप सिंह बराड़ ने कहा कि हरियाणा फिल्म एवं मनोरंजन नीति-2022 को रचनात्मक रूप से आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से कोशिशें जारी रहेगी। मौके पर सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) विवेक कालिया और सयुंक्त निदेशक नीरज कुमार के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विदेश मंत्रालय को मिले 22,154 करोड़

**नई दिल्ली**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बृहस्पतिवार को संसद में पेश अंतरिम बजट में विदेश मंत्रालय को कुल 22,154 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। पिछले साल उसका परिव्यय 18,050 करोड़ रुपये था।

भारत की 'पड़ोस पहले' नीति के अनुरूप 2068 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ 'सहायता मद' का सबसे बड़ा हिस्सा भूटान को दिया गया है। 2023-24 में हिमालयी राष्ट्र के लिए विकास परिव्यय 2400 करोड़ रुपये था। ईरान के साथ संपर्क परियोजनाओं पर भारत के फोकस को रेखांकित करते हुए चाबहार बंदरगाह के लिए आवंटन 100 करोड़ रुपये ही रखा गया है। मालदीव की विकास सहायता पिछले साल के 770 करोड़ के मुकाबले इस साल 600 करोड़ रुपये रखी गई है।

अफगानिस्तान के लोगों के साथ भारत के विशेष संबंध कायम रखते हुए उसके लिए 200 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता निर्धारित की गई है। बांग्लादेश को विकास सहायता के तहत 120 करोड़ जबकि नेपाल को 700 करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे।

बजट दस्तावेज के अनुसार, श्रीलंका को 75 करोड़ रुपये की विकास सहायता मिलेगी जबकि मॉरीशस के लिए 370 करोड़ रुपये तथा म्यांमार के लिए 250 करोड़ रुपये की विकास सहायता राशि तय की गई है। अफ्रीकी देशों के लिए 200 करोड़ की सहायता राशि अलग रखी गई है। लातिन अमेरिका और यूरेशिया जैसे विभिन्न देशों और क्षेत्रों के लिए कुल विकास सहायता 4,883 करोड़ तय की गई है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हाल ही में घोषित भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा भारत और अन्य देशों के लिए रणनीतिक और आर्थिक रूप से परिवर्तनकारी है। चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव' के मुकाबले रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की एक पहल के रूप में देखते है।

# इमरान खान की पार्टी के मुख्यालय पर छापा

**इस्लामाबाद (भाषा)।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सादे लिबास में पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने यहां इसके मुख्यालय पर कथित तौर पर छापा मारा तथा पार्टी के सदस्यों को परिसर में प्रवेश करने से रोका। एक मीडिया रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई।

पार्टी सूत्रों के हवाले से 'डॉन न्यूज' ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यह छापेमारी खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14-14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कार्रवाई बुधवार को इस्लामाबाद के सेक्टर जी-8 में इमरान की पार्टी की बैठक से ठीक पहले की गई है। हालांकि, पार्टी ऑनलाइन माध्यम से बैठक करने में सफल रही, जिसमें इसने एक पखवाड़े के भीतर संगठनात्मक चुनाव कराने का फैसला किया। वहीं, इस्लामाबाद पुलिस के एक अधिकारी ने आरोप से इनकार किया और कहा कि मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना छापेमारी नहीं की जा सकती और बुधवार को ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया था। उन्होंने दावा किया कि पुलिस टीम सुरक्षा प्रदान करने के लिए वहां गई थी।



> ■ पुलिस ने पार्टी के सदस्यों को परिसर में प्रवेश करने से रोका

अधिकारी ने कहा, इमरान खान और बुशरा बीबी के खिलाफ अदालत का फैसला आने के चलते वहां विरोध प्रदर्शन होने की आशंका थी। पुलिस ने पार्टी मुख्यालय में प्रवेश नहीं किया और बाहर ही रही। पार्टी के एक नेता ने कहा, इस्लामाबाद में पुलिस सादे लिबास वाले लोगों के साथ पार्टी मुख्यालय पहुंची, गार्ड को हटा दिया और परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया।

# ट्रंप के पास चुनाव के लिए नकदी कम

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।**



> ■ कानूनी मुकदमों में भारी खर्च के कारण करना पड़ रहा नकदी की कमी का सामना

जीओपी नामांकन के लिए सबसे आगे होने के बावजूद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए 2024 की राष्ट्रपति पद की रेस इतनी आसान नहीं है क्योंकि कानूनी मुकदमों में भारी खर्च के कारण उन्हें नकदी की कमी का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनके पास चुनावी खर्च के लिए मुश्किल हो रही है।

ट्रंप ने चंदे या स्व-वित्तपोषण योजनाओं के माध्यम से जितना कमाया है, उससे अधिक खर्च किया है। जैसे-जैसे 2024 में ट्रंप-बाइडन के आम चुनाव में दोबारा मुकाबला होने की संभावना दिख रही है, राष्ट्रपति जो बाइडन के पास पैसों की कमी दिख रही है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ट्रंप के अभियान और सुपर पीएसी (पॉलिटिकल एक्शन कमिटि) दोनों ने अपनी हालिया वित्तीय रिपोर्ट में जितना पैसा जुटाया था, उससे अधिक खर्च किया, जबकि बाइडन का खर्च चंदे से कम रहा। बुधवार को दायर किए गए अभियान वित्त रिकॉर्ड से पता चलता है कि ट्रंप के अभियान का समर्थन करने वाले मुख्य सुपर पीएसी, एमएजीए इंक ने 2023 के आखिरी छह महीनों में जुटाए गए धन से अधिक खर्च किया। मुख्य रूप से 'सेव अमेरिका' अभियान के लिए तीन करोड़ डॉलर वापस स्थानांतरित करके, जो पूर्व राष्ट्रपति के विलक्षण कानूनी शुल्क के भुगतान के लिए मुख्य माध्यम था।

एनबीसी ने दोनों उम्मीदवारों के अभियान रिकॉर्ड को देखने के बाद बताया कि इसी तरह, ट्रंप के आधिकारिक अभियान में साल के आखिरी तीन महीनों में जितना पैसा आया उससे कहीं ज्यादा खर्च हुआ।

# अमेरिका ने प. प्रशांत क्षेत्र में तीन विमान वाहक पोत किए तैनात

**वाशिंगटन (वार्ता)।**

अमेरिका की नौसेना ने पश्चिमी प्रशांत महासागर में अपने 11 विमान वाहक में से तीन को तैनात किये हैं, ताकि वह चीन और उत्तर कोरिया के अपनी ओर बढ़ते कदमों को रोकने में कामयाब हो सके।

निक्केई एशिया अखबार ने बताया कि इन पोतों को दो साल में पहली बार तैनात किया गया है। इनमें तीन अमेरिकी विमानवाहक पोत, यूएसएस कार्ल विंसन, यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट और यूएसएस रोनाल्ड रीगन शामिल हैं। यह पोत ओकिनावा और ताइवान को फिलीपींस से जोड़ने वाली एक द्वीप पर तैनात हैं। कार्ल विंसन स्ट्राइक ग्रुप के कमांडर रियर एडमिरल कार्लोस सार्डिएलो को निक्केई एशिया ने कहा, मैं जो कह सकता हूं वह यह है कि कैरियर स्ट्राइक ग्रुप इस अभियान को पूरा करने के लिए तैयार है। जापान की सैन्य कमान नेआज कहा कि जापान समुद्री आत्मरक्षा बल और अमेरिकी नौसेना ने जापानी द्वीप ओकिनावा के दक्षिण में संयुक्त अभ्यास किया है।

# अबू धाबी में मंदिर का उद्घाटन सहिष्णुता का प्रतीक

**अबू धाबी (वार्ता)।**

अबू धाबी में सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़े मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद आगामी 14 फरवरी को इसका उद्घाटन किये जाने की योजना है।

> ■ मंदिर में राजस्थान के गुलाबी पत्थर और इटली के सफेद संगमरमर का इस्तेमाल

अबू धाबी और दुबई राज्यों के बीच स्थित, हिंदू मंदिर मुख्य रूप से 'बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था' (बीएपीएस) से संबंधित है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक पश्चिम एशिया को कवर करने वाले पत्रकारों के दल को हाल ही में अबू धाबी में निर्मित इस मंदिर का अवलोकन कराया गया। इस मौके पर बीएपीएस हिंदू मंदिर परियोजना के प्रमुख स्वामी ब्रह्महरिदास ने मंदिर के ऐतिहासिक महत्व, निर्माण प्रक्रिया और वैश्विक प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने मंदिर को अंतरधार्मिक और अंतरसांस्कृतिक सद्भाव के उत्प्रेरक के रूप में मान्यता देते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह हिंदुओं के लिए पूजा स्थल है। बीएपीएस हिंदू मंदिर का मूल विचार इस धरती पर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक सद्भाव के लिए एक आध्यात्मिक नखलिस्तान है। अबू धाबी सरकार द्वारा उदार भूमि उपहार के बाद, अबू धाबी में बीएपीएस मंदिर का निर्माण 2018 में शुरू हुआ। इस मंदिर में भारत के राजस्थान के गुलाबी पत्थर और इटली के सफेद संगमरमर से बने खंभे है। संयुक्त अरब अमीरात के सात देशों अनुरूप मंदिर में सात टावर शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक मूर्तियों के माध्यम से विभिन्न विश्व धर्मो की कहानियां प्रस्तुत करता है। परिसर में एक आगंतुक केंद्र, प्रार्थना कक्ष, प्रदर्शनी हॉल, शिक्षण केंद्र, बच्चों के खेल का क्षेत्र, छोटा बगीचा, फूड कोर्ट, किताबों की दुकान और उपहार केंद्र भी बनाया गया है।

# विनिवेश से ₹50000 करोड़ जुटाने का लक्ष्य

■ अगले वित्त वर्ष के लिए तय किया गया यह लक्ष्य
■ चालू वित्त वर्ष में 30 हजार करोड़ मिलने की आस
■ वर्ष 2023-24 में रखा गया था 51 हजार करोड़ का लक्ष्य

नई दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए अंतरिम बजट में 50,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही संशोधित अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 30,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। पिछले साल का बजट पेश करते के समय 2023-24 में विनिवेश से 51,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया था।

लोकसभा में पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 के अनुसार सरकार को चालू वित्त वर्ष (2023-24) में सार्वजनिक संपत्तियों के मौद्रीकरण से कोई राशि मिलने की उम्मीद नहीं है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के मुताबिक इस मद में 10,000 करोड़ रुपये हासिल करने की योजना थी। चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकार ने कोल इंडिया, एनएचपीसी, आरवीएनएल और आईआरईडीए सहित सात सरकारी उपक्रमों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर 12,504 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सरकार को मार्च, 2024 तक विनिवेश से कुल 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है। सरकार ऐतिहासिक रूप से वित्त वर्ष 2018-19 और 2017-18 को छोड़कर बजट में तय विनिवेश लक्ष्यों से चूकती रही है।

## सरकार बाजार से 14.13 लाख करोड़ रुपये जुटाएगी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार 2024-25 में दिनांकित प्रतिभूतियां जारी कर बाजार से 14.13 लाख करोड़ रुपये जुटाएगी। उन्होंने अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ने अनुपालन बोझ को कम कर दिया है, और औसत मासिक जीएसटी संग्रह दोगुना होकर 1.66 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार खर्च और राजस्व के बीच के अंतर (राजकोषीय घाटा) को पाटने के लिए बाजार से उधार लेती है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 31 जुलाई, 2023 तक दिनांकित प्रतिभूतियां जारी करके 5.77 लाख करोड़ रुपये बाजार से जुटाए हैं। सरकार विभिन्न स्रोतों से उधार लेती है, जिसमें दिनांकित प्रतिभूतियां, ट्रेजरी बिल, बाहरी ऋण और राज्य भविष्य निधि शामिल हैं।

# खाद्य तेलों में हम बनेंगे आत्मनिर्भर

■ 165 लाख टन खाद्य तेलों का हो रहा आयात ■ 1.38 लाख करोड़ रुपए है इस तेल का मूल्य

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि सरकार तिलहनों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देकर खाद्य तेलों के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति बनाएगी और डेयरी किसानों को समर्थन देने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम शुरू करेगी। खाद्य तेलों की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए भारत बड़ी मात्रा में खाद्य तेलों का आयात करता है। विपणन वर्ष 2022-23 (नवम्बर-अक्टूबर) के दौरान, देश ने लगभग 165 लाख टन खाद्य तेलों का आयात किया, जिसका मूल्य 1.38 लाख करोड़ रुपये था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार खाद्य प्रसंस्करण स्तर और किसानों की आय को बढ़ावा देने के लिए फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देगी। एक प्रमुख उर्वरक, नैनो-तरल डीएपी



■ डेयरी किसानों के समर्थन को शुरू होगा कार्यक्रम
■ किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा

(डाइ-अमोनियम फास्फेट) के अनुप्रयोग को सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विस्तारित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को आगे बढ़ाएगी। सीतारमण ने कहा, 'किसान हमारे 'अन्नदाता' हैं। हर साल, पीएम-किसान सम्मान योजना के तहत, सीमांत और छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम फसल बीमा योजना के तहत चार करोड़ किसानों को फसल बीमा दिया जाता है। ये कई अन्य कार्यक्रमों के अलावा, देश और दुनिया के लिए भोजन पैदा करने में 'अन्नदाता' की सहायता कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्च विकास और उत्पादकता के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि इन्हें किसान-केंद्रित नीतियों, आय सहायता, मूल्य और बीमा समर्थन के माध्यम से जोखिमों के 'कवरेज' और स्टार्टअप के माध्यम से प्रौद्योगिकियों और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने की सुविधा मिल रही है। घरेलू मांग को पूरा करने के मकसद से खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए अंतरिम बजट में यह भी प्रस्ताव है कि तिलहनों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति बनाई जाएगी।

# स्टार्टअप के लिए कर प्रोत्साहन अवधि बढ़ी

■ मार्च 2025 तक जारी रहेंगे प्रोत्साहन ■ 31 मार्च को खत्म होने वाले थे प्रोत्साहन

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट में स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश पर कर प्रोत्साहन को मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश के लिए कुछ कर लाभ और साथ ही कुछ आईएफएससी (अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) इकाइयों की कुछ आय पर कर छूट 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करते हुए उन्होंने कहा, 'कराधान में निरंतरता प्रदान करने के लिए मैं तारीख को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव करती हूं।' सरकार ने देश में स्टार्टअप इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार द्वारा अब तक 1.17 लाख स्टार्टअप को मान्यता दी गई है। ये पात्र स्टार्टअप इकाइयां स्टार्टअप इंडिया के लिए एक कार्ययोजना के तहत आयकर लाभ जैसे कर प्रोत्साहन का लाभ उठा सकती हैं।




प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी की साझेदार गौरी पुरी ने कहा कि जैसी कि उम्मीद थी, सरकार ने अंतरिम बजट के तहत नीतिगत संयम बरता है।

## समाज को प्रभावित करने वाली असमानताओं को दूर कर रही सरकार

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार समाज को परेशान करने वाली व्यवस्थित असमानताओं को दूर कर रही है। अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि पिछले दशक में आर्थिक प्रबंधन ने जन-केंद्रित समावेशी विकास को पूरक बनाया है।

उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के बुनियादी ढांचे का निर्माण रिकॉर्ड समय में किया जा रहा है। सीतारमण ने कहा कि कर सुधारों से कर आधार का विस्तार हुआ है। मंत्री ने कहा कि एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) पाठ्यक्रमों में 43 प्रतिशत महिलाओं का पंजीकरण हुआ है, जो दुनिया में सबसे अधिक है।

# राजमार्गों के विकास बाद भी पर्याप्त आवंटन नहीं

■ वर्ष 2024-25 के लिए मिले सिर्फ ₹1.68 लाख करोड़
■ पिछले साल मिले थे 1.67 लाख करोड़ रुपये
■ काफी काम होने के बावजूद नहीं मिली पर्याप्त रकम

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का आवंटन मामूली रूप से बढ़ाकर 1.68 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। पिछले वित्त वर्ष के संशोधित आवंटन के मुताबिक यह आंकड़ा 1.67 लाख करोड़ रुपये है। राजमार्ग क्षेत्र में पर्याप्त काम होने का बावजूद इस क्षेत्र को नहीं मिली पर्याप्त रकम।

अंतरिम बजट 2024-25 के अनुसार राजमार्ग क्षेत्र के लिए 2.78 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय तय किया गया है, जो पिछले बजट के मुकाबले थोड़ा अधिक है। सरकार ने 2023-24 में राजमार्ग क्षेत्र के लिए 2.70 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। बाद में इसे संशोधित कर 2.76 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।

एनएचएआई और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी हैं।

## सक्रिय मुद्रास्फीति प्रबंधन महंगाई को काबू रखने में मदद करता है : निर्मला

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि सक्रिय मुद्रास्फीति प्रबंधन ने देश की महंगाई को उस दायरे में रखने में मदद की जिससे निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि महंगाई कम हुई है।

रिज़र्व बैंक को सरकार द्वारा खुदरा मुद्रास्फीति को दोनों तरफ दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ 4% पर लाने का लक्ष्य दिया गया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित वार्षिक मुद्रास्फीति नवम्बर, 2023 में 5.55% और नवंबर, 2022 में 5.72% थी। द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं में मूल्यवृद्धि की दर (जो सीपीआई का करीब आधा हिस्सा है) दिसंबर में बढ़कर 9.53% हो गई।

## हवाई अड्डों का विस्तार, विकास तेजी से जारी रहेगा

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को विमानन क्षेत्र के पिछले 10 वर्षों में तेजी से आगे बढ़ने का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार और नए हवाई अड्डों का निर्माण तेजी से जारी रहेगा। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश के भीतर हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 149 हो गई है।

भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है और घरेलू हवाई यात्री यातायात लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'मौजूदा हवाई अड्डों का विस्तार और नए हवाई अड्डों का विकास तेजी से जारी रहेगा।' वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा, 'उड़ान योजना के तहत टियर-टू और टियर-थ्री शहरों के लिए हवाई संपर्क का व्यापक विस्तार हुआ है।

देश में 517 नए हवाई मार्गों पर 1.3 करोड़ यात्रियों का आवागमन हो रहा है।' उन्होंने कहा कि भारतीय विमानन कंपनियों ने सक्रिय रूप से 1,000 से अधिक नए विमानों के लिए ऑर्डर दिए हैं। तीन घरेलू विमानन कंपनियों- एयर इंडिया, इंडिगो और अकासा एयर - ने मिलकर एक साल से भी कम समय में कुल 1,120 विमानों का ऑर्डर दिया है।

# टैक्स से होगी सरकार की सर्वाधिक कमाई

■ प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करों से मिलेगा 63 पैसा
■ कर्ज व अन्य देयताओं से मिलेंगे 28 पैसे
■ विनिवेश जैसे गैर कर्ज स्रोतों से मिलेंगे सात पैसे
■ एक पैसा गैर कर्ज पूंजी प्राप्तियों से मिलने की आस

नई दिल्ली

सरकार के खजाने में आने वाले प्रत्येक एक रुपये में 63 पैसा प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष करों से आएगा। इसके अलावा 28 पैसा कर्ज और अन्य देयताओं, सात पैसे विनिवेश जैसे गैर-कर स्रोतों से और एक पैसा गैर कर्ज पूंजी प्राप्तियों से आएगा।

आम बजट 2024-25 के अनुसार, कुल मिलाकर 36 पैसे प्रत्यक्ष कर से आएंगे। इसमें कारपोरेट और व्यक्तिगत आय कर शामिल है। आयकर से 19 पैसे आएंगे, वहीं कारपोरेट कर से 17 पैसे आएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बृहस्पतिवार को संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट के अनुसार, अप्रात्यक्ष करों में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से सर्वाधिक 18 पैसे आएंगे। इसके अलावा, सरकार हर रुपये में पांच पैसे उत्पाद शुल्क से और चार पैसे सीमा शुल्क से हासिल करेगी।



अंतरिम बजट 2024-25 के अनुसार, उधार और अन्य देनदारियों से संग्रह 28 पैसे प्रति रुपया होगा। खर्च के मामले में, ब्याज भुगतान और करों और शुल्कों में राज्यों की हिस्सेदारी प्रत्येक रुपये के लिए 20 पैसे है। रक्षा क्षेत्र के लिए आठ पैसे प्रति रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं पर खर्च प्रत्येक रुपये में से 16 पैसे होगा, जबकि केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए आवंटन आठ पैसे है।

वित्त आयोग और अन्य हस्तांतरण' पर व्यय 8 पैसे है। वहीं सब्सिडी और पेंशन मद में व्यय क्रमशः 6 पैसे और 4 पैसे होगा। सरकार हर रुपये में से नौ पैसे 'अन्य व्यय' मद में खर्च करेगी।

## पीएम मुद्रा योजना के तहत 43 करोड़ ऋण दिए गए

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार ने पीएम मुद्रा योजना के तहत कुल 22.5 लाख करोड़ रुपये के 43 करोड़ ऋण दिए हैं।

सीतारमण ने अपने चुनाव पूर्व बजट में कहा कि जनधन खातों के माध्यम से 34 लाख करोड़ रुपये के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से 2.7 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है। यह चुनाव-पूर्व बजट तकनीकी रूप से लेखानुदान है। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में महिलाओं को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं।

# खाद्य सब्सिडी घटने का अनुमान

■ वर्ष 2024-25 में 2.05 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खाद्य सब्सिडी के मद में 2.05 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय अनुमानित है जो चालू वित्त वर्ष के 2.12 लाख करोड़ रुपये के व्यय से कम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए खाद्य सब्सिडी का अनुमान पेश किया।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत सरकार खाद्यान्न की खरीद करती है। बाद में इस अनाज को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत बेचा जाता है। खरीद एवं बिक्री के बीच के अंतर की भरपाई के लिए खाद्य सब्सिडी

■ इसके अगले वित्त वर्ष में 1.64 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान
■ चालू वित्त वर्ष के लिए लगाया गया था 2.12 लाख करोड़ का अनुमान
■ चालू वित्त वर्ष में अब तक 1.89 लाख करोड़ से कम रही सब्सिडी

प्रदान की जाती है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में उर्वरक सब्सिडी 1.64 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो चालू वित्त वर्ष में 1.89 लाख करोड़ रुपये से कम है।

सरकार उर्वरक कंपनियों को उर्वरक पर सब्सिडी देती है। बाजार में बिकने वाली यूरिया का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) सरकार तय करती है। उनके विक्रय मूल्य और उत्पादन की लागत के बीच के अंतर पर सब्सिडी दी जाती है। डीएपी और एमओपी जैसे गैर-यूरिया उर्वरकों पर भी पोषक तत्व आधारित सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

# आयुष्मान के दायरे में सभी आशा वर्कर

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में सभी आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को लाने की घोषणा की।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल



अस्पताल में भर्ती के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का 'कवरेज' प्रदान करती है।

पिछले साल 27 दिसंबर तक इस योजना के दायरे में 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ लोग थे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को पर्याप्त और समय पर वित्तपोषण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

## रक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक के लिए नई योजना

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को मजबूत करने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार फसल कटाई के बाद की कृषि गतिविधियों में सार्वजनिक और निजी निवेश को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी के अनुप्रयोग का विस्तार किया जाएगा।

# अंतरिम बजट कृषि व डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने का रोडमैप

मुंबई

कृषि और संबद्ध क्षेत्र दिग्गजों ने वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को शोध एवं विकास, प्रौद्योगिकी और भंडारण में निवेश को प्रोत्साहित करके कृषि, कृषि रसायन, डेयरी क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए एक आशाजनक 'रोडमैप' बताया है। उनका कहना है कि यह पहल किसानों और उनकी आजीविका को सशक्त बनाएगी।

गोदरेज एग्रोवेट के प्रबंध निदेशक बलराम सिंह यादव ने कहा, 'अंतरिम बजट 2024-25 'अन्नदाता' और हमारे देश की रीढ़ हमारे किसानों को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है। पीएम-किसान सम्मान योजना के माध्यम से प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता से लेकर किसान-केंद्रित नीतियों का विस्तार और नवाचारों को बढ़ावा देने तक, बजट कृषि क्षेत्र में समावेशी, सतत विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।' वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया। पराग मिल्क फूड्स के अध्यक्ष देवेंद्र शाह ने कहा कि कृषि क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए खुरपका और मुंहपका की बीमारी को नियंत्रित करने के प्रयासों के साथ-साथ डेयरी किसानों के लिए एक व्यापक कार्यक्रम की घोषणा एक सकारात्मक कदम है।

भंडार गृह सेवाप्रदाता सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट

### उद्योग जगत की प्रतिक्रिया

(एसएलसीएम) समूह के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संदीप सभरवाल ने कहा कि अंतरिम बजट में फसल कटाई के बाद की गतिविधियों को दिया गया प्रोत्साहन एक स्वागतयोग्य कदम है।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार आनंद रामनाथन ने टिप्पणी की कि वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट, फसल बीमा में हस्तक्षेप, नैनो उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित करने, तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण में निवेश बढ़ाने के माध्यम से कृषि में विकास और उत्पादकता का समर्थन करना जारी रखता है। धानुका एग्रीटेक के प्रबंध निदेशक एम के धानुका ने कहा, 'एकत्रीकरण, आधुनिक भंडारण, कुशल आपूर्ति श्रृंखला, प्राथमिक और माध्यमिक प्रसंस्करण और विपणन और ब्रांडिंग सहित फसल कटाई के बाद की गतिविधियों के क्षेत्रों में निजी और सार्वजनिक निवेश को प्रोत्साहित करने की घोषणा एक प्रशंसनीय कदम है।'

सिंजेंटा इंडिया के मुख्य स्थिरता अधिकारी और क्रॉप लाइफ इंडिया के चेयरमैन केसी रवि ने कहा कि पिछले दशक में विकसित मजबूत भौतिक-डिजिटल-सामाजिक बुनियादी ढांचे ने अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए एक अच्छी नींव दी है। एग्रीटेक स्टार्टअप ओटिपी के संस्थापक और सीईओ वरुण खुराना ने कहा कि फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश के लिए प्रोत्साहन सराहनीय है।

## एक गीगावाट की अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजना के लिए वीजीएफ मिलेगा

नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार एक गीगावाट अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजना को व्यावहारिक बनाने के लिए वित्तपोषण (वीजीएफ) उपलब्ध कराएगी। देश का 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए एक गीगावाट की अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता के लिए वीजीएफ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के तेज विकास में राज्यों की सहायता करने के लिए तैयार है।

# राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1% रहने का अनुमान

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के 5.8 प्रतिशत के मुकाबले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपये का अनुमान है।

उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पहले के अनुमान 5.9 प्रतिशत से कम है। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक बजट लक्ष्य के 55 प्रतिशत पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था।

सीतारमण ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए राज्यों को 50 साल के लिए 75,000 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की हर चुनौती को हमारे आर्थिक प्रबंधन के माध्यम से दूर किया गया है।

# जुलाई में आईसीसी एजीएम की मेजबानी करेगा श्रीलंका

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** निलंबन हटने के बाद श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की मेजबानी करेगा। श्रीलंका के खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड के संचालन में सरकारी हस्तक्षेप के बाद आईसीसी ने उसे निलंबित कर दिया था।

इस निलंबन के चलते श्रीलंका ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्वकप की मेजबानी का मौका भी गंवा दिया था, जिसका आयोजन अब दक्षिण अफ्रीका में हो रहा है। पर्यटन मंत्री की भी भूमिका निभा रहे फर्नांडो ने बयान में कहा, श्रीलंका कोलंबो में 19 से 22 जुलाई तक आईसीसी एजीएम की मेजबानी करेगा। इससे क्रिकेट और पर्यटन के मामले में श्रीलंका को काफी बढ़ावा मिलेगा। श्रीलंका ने हाल ही में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए टिकटें नहीं जारी की हैं। इस मैच के लिए स्टेडियम में दर्शकों की एंट्री फ्री है। दर्शक बिना कोई शुल्क दिए मैदान में जाकर यह मैच देख सकते हैं। यह भी श्रीलंका में क्रिकेट के प्रति खोई लोकप्रियता को वापस लाने की कोशिश है। अगर विदेशी दर्शक यह मैच देखने के लिए पहुंचते हैं तो श्रीलंका के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जो कि देश की अर्थव्यवस्था का सबसे अहम हिस्सा है। आईसीसी सदस्यों के दायित्वों को पूरा नहीं करने के कारण एसएलसी को नवंबर में निलंबित किया गया था।

# टी20 वर्ल्डकप के लिए टिकटों की बिक्री शुरू

## 500 रुपए होगी शुरुआती कीमत, 7 दिन की विंडो में सभी को समान मौका

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्डकप 2024 को लेकर टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। यह टिकटों की बुकिंग 7 फरवरी 2024 तक जारी रहेगी। क्रिकेट फैन्स वर्ल्डकप मैचों का मजा लेना चाहते हैं और यदि टिकट बुक करना चाहते हैं वो worldcup.com वेबसाइट पर जाकर टिकट बुक कर सकते हैं। बता दें कि वर्ल्डकप 1 से 29 जून के बीच खेला जाएगा।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के मुताबिक, इस बार टिकटों की बिक्री पहले आओ पहले पाओ के आधार पर नहीं दिए जा रहे हैं। बल्कि 7 दिन की विंडो के अंदर टिकट खरीदने के लिए सभी को समान मौका दिया गया है।

आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि एक व्यक्ति की आईडी पर एक मैच के ज्यादा से ज्यादा 6 टिकट ही मिल सके हैं। इस तरह वो कितने भी मैचों के टिकट बुक कर सकते हैं। टिकट की कीमत कम से कम 6 डॉलर (करीब 500 रुपए) से शुरू है।



### 2.60 लाख से ज्यादा टिकट जारी

ग्रुप स्टेज, सुपर-8 और सेमीफाइनल तक के 2.60 लाख से ज्यादा टिकट जारी किए गए हैं। हर टिकट की कीमत उसकी कैटेगरी के हिसाब से अलग-अलग है। बता दें कि इस बार टी20 वर्ल्डकप 1 से 29 जून तक होना है। इसके तहत फाइनल समेत कुल 55 मुकाबले खेले जाएंगे। यह सभी मैच कुल 9 शहरों (3 अमेरिका और 6 वेस्टइंडीज) में होंगे।

# इंटर स्टेट क्रिकेट में मप्र ने राजस्थान को हराया

**भोपाल,(खेसं)।** कप्तान जेपी यादव और परवेज उल्ला के शानदार अर्धशतकों की बदौलत मध्य प्रदेश ने सेंट्रल जोन इंटर स्टेट क्रिकेट चैंपियशिप 2024 में राजस्थान को 5 विकेट से हराया। जयपुर के संस्कार क्रिकेट ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 219 रन बनाए। जिसमें जॉनी ने 141 रन की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा दीपक ने 25 और गौरव ने 15 रन का योगदान दिया। मप्र की ओर योगेश पटेल ने 3 और सोहिल मसूद ने 2 विकेट लिए। जबाव में मध्य प्रदेश ने 19 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें जेपी यादव ने 75 रन और परवेज उल्ला ने 64 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। सामी ने 44 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से नरेंद्र मीना और अमित सनान ने 2-2 विकेट लिए।

# चोट से उबरे पृथ्वी शॉ, 6 महीने बाद करेंगे मैदान पर वापसी

## रणजी ट्रॉफी 2024 में मुंबई की ओर से खेलेंगे

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ रणजी ट्रॉफी 2024 सीजन के लिए मुंबई की टीम में वापसी करने में कामयाब हुए हैं। शॉ के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी द्वारा फिट घोषित किया गया, जिसके बाद 2 फरवरी से कोलकाता में बंगाल के खिलाफ शुरू होने वाले मैच से पहले उन्हें मुंबई की रणजी टीम में शामिल किया गया। पिछले साल अगस्त में घुटने में चोट लगने के बाद पृथ्वी शॉ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर थे। शॉ उस समय चोटिल हुए जब वह इंग्लैंड के घरेलू टूर्नामेंट में नॉर्थहेम्प्टनशायर की ओर से वनडे



चैंपियनशिप में डरहम के खिलाफ खेल रहे थे। वह पिछले साल विजय हजारे ट्रॉफी के साथ-साथ मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाए थे। शॉ बेंगलुरु में एनसीए में रिहैबिलिटेशन से गुजरे। 24 वर्षीय शॉ आईपीएल 2024 से पहले फॉर्म में लौटना चाहेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### मुंबई ओपन में अंकिता समेत चार को मिला वाइल्ड कार्ड

**मुंबई,(एजेंसी)।** भारत की अंकिता रैना, सहजा यमलापल्ली और रूतुजा भोंसले की शीर्ष रैंकिंग की महिला तिकड़ी के अलावा महाराष्ट्र की युवा वैष्णवी अदकर को यहां पांच से 11 फरवरी तक होने वाले डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन के एकल मुख्य ड्रा में वाइल्ड कार्ड दिया गया। डब्ल्यूटीए 125 के सीरीज टूर्नामेंट में 18 वर्षीय आर्यना सबालेंका ने 2017 में खिताब जीता था और अब यह टूर्नामेंट छह साल बाद आयोजित किया जा रहा है। क्वालीफाइंग दौर तीन और चार फरवरी को खेले जायेंगे जबकि मुख्य ड्रा के मैच पांच फरवरी से शुरू होंगे।

### तेजस्विन के महाद्वीपीय टूर में भागीदारी को मंजूरी

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता तेजस्विन शंकर की यूरोप में महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए वित्तीय मदद के अनुरोध को मंजूरी दे दी। ऊंची कूद के एथलीट तेजस्विन बेल्जियम की हाई जंप गाला एलमोस में हिस्सा लेना चाहते थे जो कैटेगरी डी का टूर्नामेंट है। इसके बाद वह चेक गणराज्य में कैटेगरी बी के टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक मीट में शिरकत करना चाहते थे ताकि उन्हें महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक मिल सके जिससे उनकी विश्व रैंकिंग में सुधार होगा और उन्हें आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वॉलीफाई करने में मदद मिलेगी।

### हैदराबाद में खेले जाएंगे पीकेएल के नॉकआउट मैच

**मुंबई,(एजेंसी)।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन-10 के प्लेऑफ और फाइनल 26 फरवरी से 1 मार्च तक हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम (जी एम सी बालयोगी इंडोर स्टेडियम) में आयोजित किए जाएंगे, लीग आयोजकों ने गुरुवार को यह घोषणा की। लीग चरण में शीर्ष दो टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

**दूसरा टेस्ट मैच आज** सुबह 9 :30 बजे से, लाइव प्रसारण स्पोर्ट्स-18 नेटवर्क पर

# इंग्लैंड के खिलाफ भारत पलटवार को तैयार

## रजत पाटीदार, सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर को मिला सकता हैं मौका

**विशाखापट्टनम ,(एजेंसी)।** रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद शुक्रवार से शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट में पलटवार करने को तैयार है। यह टेस्ट 2 से 6 फरवरी तक वाई. एस. राजशेखर रेड्डी एसीए वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापट्टनम में सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। जिसका लाइव प्रसारण स्पोर्ट्स-18 नेटवर्क पर किया जाएगा।

भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के स्पिनरों से निपटने के लिए तैयारी कर ली है और इसको लेकर बीते दिनों में भारतीय बल्लेबाजों को परंपरागत शॉट्स के साथ स्वीप शॉट और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने का जमकर अभ्यास किया। मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है और अब रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल के भी बाहर हो जाने से उनकी बल्लेबाजी लाइनअप में एक बड़ा अंतर आ गया है। हालांकि, इससे रजत पाटीदार, सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर को यहां अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की चोटों से जुझ रहे भारतीय टीम को एक उदाहरण पेश करना होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल पर भी दबाव है। दोनों बल्लेबाजों को धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा करना होगा। रोहित को अपनी पारी को मैच जिताने वाली पारी में तब्दील कर करना होगा। रोहित शर्मा चार हजार टेस्ट रन पूरे करने से 200 रन दूर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी स्टाइल में ऐतिहासिक मुकाम हासिल करेंगे। भारत ने पहले भी विशाखापत्तनम में दो टेस्ट खेले हैं और वहां उसका रिकॉर्ड शानदार रहा है, लेकिन पहला टेस्ट जीतकर इंग्लैंड की उत्साही टीम भारत के घरेलू प्रभुत्व को खत्म करने का प्रयास करेगी।



### दूसरे टेस्ट के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं...

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी, श्रेयस अय्यर, केएस भरत , ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

**इंग्लैंड:** **(अंतिम एकादश घोषित)** जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरेस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टले, शोएब बशीर, जेम्स एंडरसन।

### बशीर व एंडरसन इंग्लैंड की अंतिम एकादश में शामिल

इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश को ऐलान कर दिया हैं।



इंग्लैंड चार स्पेशलिस्ट स्पिनरों के साथ नहीं उतर रहा है, टीम में जेम्स एंडरसन इकलौते तेज गेंदबाज हैं, जिनको टीम में जगह मार्क वुड की जगह मिली है। वहीं शोएब बशीर टेस्ट में डेब्यू करने उतरेंगे। इंग्लैंड के सबसे अनुभवी स्पिनर जैक लीच को हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान घुटने में चोट लग गई थी, जिसके चलते वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीच के बाहर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके घुटने में अब भी सूजन है और उन्होंने अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया।

### टेस्ट में हेड टू हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 132 |
| भारत जीता | 31 |
| इंग्लैंड जीता | 51 |
| ड्रॉ | 50 |

### विशाखापट्टनम में अब तक कोई टेस्ट नहीं हारा भारत

विशाखापट्टनम के मैदान पर भारतीय टीम अब तक कोई टेस्ट मैच नहीं हारी है। उसने यहां अब तक 2 टेस्ट मैच खेल और दोनों में जीत दर्ज की है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर खेले गए दोनों टेस्ट मुकाबलों को 200 से ज्यादा रनों के अंतर से जीते है। इस मैदान पर भारतीय टीम ने पहला टेस्ट विराट कोहली की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ ही नवंबर 2016 में खेला था। यह मैच भारतीय टीम ने 246 रनों से जीता था। भारतीय टीम ने दूसरा टेस्ट मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ अक्टूबर 2019 में 203 रनों से जीता था।

### तीसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं जडेजा, राहुल व कोहली पर भी संशय बरकरार

रविंद्र जडेजा को हैमस्ट्रिंग इंजरी में उबरने में समय लगेगा और इस वजह से वे तीसरे टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं। आमतौर पर इस तरह की चोट को ठीक होने में चार से 8 सप्ताह का समय लगता है। जडेजा के अलावा मोहम्मद शमी की चोट भी अभी अच्छी नहीं है। जहां तक विराट कोहली की बात है तो वह फिलहाल देश से बाहर है, जिससे शेष मैचों के लिए उनकी उपलब्धता पर सवालिया निशान लग गया है। केएल राहुल की चोट अन्य खिलाड़ियों की तरह चिंताजनक नहीं है।

### पूरी रोहित एंड कंपनी के रन पड़े जो रूट के आगे कम

दूसरे टेस्ट से पहले एक ऐसा आंकड़ा सामने आया है जो आपके होश उड़ा सकता है। जी हां, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में अभी तक 11447 रन बनाए हैं। वहीं अगर पूरे भारतीय स्क्वॉड की बात करें तो रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड के कुल मिलाकर 10,702 रन बनाए हैं।

**मौसम का मिजाज:** विशाखापट्टनम में मौसम का असर नहीं पड़ेगा। मैच के तीसरे दिन बारिश का खतरा है, लेकिन आंधी की संभावना नहीं है। ऐसे में मैच पर बहुत ज्यादा असर की संभावना नहीं है।

**पिच रिपोर्ट:** विशाखापट्टनम स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल है, लेकिन शुरू में तेज गेंदबाजों और बाद में स्पिनर्स को मदद मिलती है। उम्मीद है कि स्पिनिंग ट्रैक तैयार किया जाएगा।

# मंजूनाथ ने श्रीकांत को किया बाहर

## थाईलैंड मास्टर्स: त्रीशा-गायत्री व अस्मिता भी क्वार्टर फाइनल में

**बैंकॉक,(एजेंसी)।** त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की छठी वरीय भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को यहां थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत अपने से कम रैंकिंग वाले हमवतन मिथुन मंजूनाथ के खिलाफ हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

महिला एकल में अस्मिता चालिहा भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहीं। त्रीशा और गायत्री ने प्री-क्वार्टर फाइनल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की हमवतन भारतीय जोड़ी को सीधे गेम में 21-15 24-22 से हराया। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया कहाया प्रातिवी की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी मंजूनाथ ने श्रीकांत को 54 मिनट में 21-9 13-21 21-17 से हराया। मंजूनाथ अंतिम आठ के मुकाबले में नीदरलैंड के मार्क कालजोव से



भिड़ेंगे। पुरुष एकल में एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा।

क्वालीफायर मुथुस्वामी को चीनी ताइपे के चुन यी लिन के खिलाफ 9-21 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अस्मिता भी चीनी ताइपे की यू पो पाइ को 21-12 15-21 21-17 से हराकर महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं। मालविका बंसोड़ को हालांकि प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी बुसानन ओंगबैमरुंगफान के खिलाफ 22-24 7-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# अनौपचारिक टेस्ट में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ भारत-ए 192 रन पर ऑलआउट

**अहमदाबाद,(एजेंसी)।** मैथ्यू पोट्स और ब्राइडन कार्स की डरहम की तेज गेंदबाजी जोड़ी के तूफानी प्रदर्शन से इंग्लैंड लॉयन्स ने तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को यहां भारत ए को 192 रन पर समेटकर अपनी पलड़ा भारी रखा। कुछ खिलाड़ियों के मुख्य भारतीय टीम से जुड़ने के बाद भारत ए टीम कुछ कमजोर हुई है। इस चार दिवसीय मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड लॉयन्स ने एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। एलेक्स लीस (106 गेंद में 48 रन) और ओलिवर प्राइस (63 गेंद में 20 रन) स्टंप के समय क्रीज पर थे। इंग्लैंड लॉयन्स की टीम पहली पारी के आधार पर अब सिर्फ 94 रन पीछे है। पोट्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 57 रन देकर छह विकेट चटकाए। उन्होंने लगातार दूसरी बार छह विकेट हासिल किए। वह तीन मैच में 18 विकेट चटका चुके हैं। कार्स ने पोट्स का अच्छा साथ निभाते हुए 52 रन देकर चार विकेट चटकाए। सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सत्र के भीतर आउट हो गई। इसके जवाब में सलामी बल्लेबाज लीस और कीटोन जेनिंग्स (17) ने टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। आकाशदीप ने जेनिंग्स को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रही।

# पोलिना, एला व कैरोल संघर्ष के बाद क्वार्टरफाइनल में

## आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर: एकल वर्ग में भारत की चुनौती समाप्त

**इंदौर।** दुनिया भर की दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों ने अपने दमदार व कलात्मक खेल की बदौलत इंदौरी दर्शकों और युवा खिलाड़ियों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। भारतीय टेनिस महासंघ के तत्वावधान में आयोजित एवं यलो डायमंड, म.प्र. टेनिस संघ व इंदौर टेनिस क्लब द्वारा प्रायोजित इस प्रतिष्ठित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर महिला 40 हजार डॉलर इनामी डब्ल्यू-50 टेनिस टूर्नामेंट में प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रोमांचक और उच्चश्रेणी के खेल की दांवत देखने को मिली, जिसमें



दूसरी वरीयता प्राप्त कुडरमेतोवा पोलिना, फिलिपिंस की तीसरी वरीयता प्राप्त एला एलेक्जेंड्रा व चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांस की मोनेट कैरोल ने संघर्ष के बाद जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं जापान की गैर वरीयता प्राप्त साकी इमामुरा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लातवीया की सेमेनिस्टाजा दारजा को हराकर टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर किया और अंतिम आठ में प्रवेश किया।

### श्रीवल्ली और वैदेही महिला युगल के सेमीफाइनल में

भले ही एकल वर्ग में भारत की चुनौती समाप्त हो गई हो, लेकिन महिला युगल में भारत की चुनौती अब भी बरकरार है। क्वार्टर फाइनल में भारत की श्रीवल्ली रश्मिका व वैदेही चौधरी ने बड़ा उलटफेर करते से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीवल्ली व वैदेही ने तीसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस की कैरोल मोनेट व रूस की एकेटेरिना याशिना को 6-2, 6-1 से पराजित कर अंतिम-4 में प्रवेश किया। जहां उनका सामना जापान की साकी इमामुरा व माना कावामुरा से होगा।

# प्रो लीग में हरमनप्रीत सिंह संभालेंगे भारतीय हॉकी टीम की कमान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 16 फरवरी से शुरु हो रही एचआईएच प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की अगुवाई ड्रैग-फ्लिकिंग हरमनप्रीत सिंह और मिडफील्डर उप-कप्तान हार्दिक सिंह की अनुभवी जोड़ी करेगी। भारत 10 फरवरी को स्पेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए दोनों चरणों में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। **भारतीय पुरुष हॉकी टीम- गोलकीपर:** पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक, **डिफेंडर:** हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह, **मिडफील्डर:** हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम, **फॉरवर्ड:** ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडल।



कविता

# अली, बसंत आ गया



**तड़ाग,** बाग सज उठे, प्रणय के राग बज उठे
निहार कर नवल कुसुम, मधुप मरजाद तज उठे
हरणियों की गुहार सुन, नरम-नरम मनुहार सुन
कुलांचे मारता हुआ, हिरण तुरंत आ गया
अली, बसंत आ गया
विटप सभी हुलस गए, नव पल्लवों से कस गए
लता को गौर से निहार, फूल सब विकस गए
अनेक रंग के दुकूल, फुनगियों से लेके मूल
देखकर प्रतीत होता कि वैजयंत आ गया
अली, बसंत आ गया
नगर-नगर निखर रहे, डगर में पुष्प झर रहे
कुमुदिनी को बियाहने, दिनेश सर उतर रहे
किनारे मौन साधता, सुदेव को अराधता
नदी के श्वेत रेत में बलाक संत आ गया
अली, बसंत आ गया
लटक-लटक के बालियां, लचक-लचक परालियां
कुसुम-कुसुम को चूमकर, भटक रही मधुवालियां
झरबेर, बेर पक गए, मधूक, आम झुक गए
पनस के फूल फूलते दुर्दिन का अंत आ गया
अली, बसंत आ गया

● नंदन पंडित



# बारिश ने है शोर मचाई

**खुला** आसमा स्वच्छ हवाएं
रंगबिरंगी कली खिल जाए
सुंदर सुंदर तितली आकर
मन मेरा हर्षित कर जाए।
नन्हे मुन्हे हैं बच्चे हम
कोमल हृदय के सच्चे हम
जात पात का भेद न जाने
भले ही मन के कच्चे हम।
काली घटा उमर-घूमर आई
मेरनी आकर पंख फैलाई
बारिश ने है शोर मचाई
छम-छम छम की होड़ मचाई।

● दिव्यांशी आनंद

# फुर्र करके भाग गई गर्मी



**लो** हमने भी खोल दी कॉटन की कमीज,
पहन ली अब ऊन की जर्सी,
दोस्तो समझ ही गए होंगे अब आप
फुर्र करके भाग गई गर्मी,
दबे पांव आ गई है सर्दी।
सर्दी जुखाम लगा होने अब,
नहीं चलेगी आइसक्रीम खाने की मर्जी,
चाय काढ़ू पियो खूब अब,
दबे पांव आ गई है सर्दी।
गच्चक मूंगफली गुड़ खाओ खूब,
गले में लपेटो मफरल सिर पर पहनो टोपी अच्छी,
टिप टॉप बने रहो अब सब पहन के अच्छी सी वर्दी,
फुर्र करके देखो भाग गई गर्मी दबे पांव आ गई है सर्दी।
बीड़ी सिगरेट से दूर रहो,करो न इनको पीने की मनमर्जी,
युवा पीढ़ी को नशामुक्त रहने का संदेश दो,
अच्छे अच्छे काम करो करो न काम कोई फर्जी,
फुर्र कर भाग गई देखो गर्मी दबे पांव आ गई है सर्दी।
पेड़ पौधे और प्रकृति देती हमको आश्रय,
सारी दुनिया का मानो वो पालन पोषण करती,
आओ मिलकर हम भी करें उसको हरा भरा बनाने की जल्दी,
फुर्र करके भाग गई है गर्मी दबे पांव आ गई है सर्दी।

● लेफ्टिनेंट ( डॉ० ) जय महलवाल अनजान

# संस्कारों की जीत

कहानी

वं**दना** के विवाह को अभी कुछ ही समय हुआ था। किसी कारण वश उसकी बुआ सास विवाह में नहीं आ पाई थी। अब जब वो आई तब उनकी इच्छा हुई कि वंदना ही खाना बनाए......वंदना की सास पूनम ने वंदना को, बुआ जी की पसन्द के बारे में सब बता दिया था। लेकिन पूनम कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती थी और फिर वंदना खाना बनाने में एक्सपर्ट भी नहीं थी। बुआ जी घर में हो रही सारी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी थी। जीजी खाना सही लगा न आपको....पूनम ने पूछा। अब तुमने बनाया तो अच्छा ही बना है। आखिर मैने सिखाया था तुम्हे... जीजी खाना वंदना ने ही बनाया है। मैने तो जरा मदद की है उसकी....वंदना की सास ने कहा। मुझे न सिखा छोटी.....मेरी नजर आज भी उतनी ही पैनी है.....तेरी बहु को घर के काम काज ना आते....जीजी सीख रही है....और सब सीख जाएगी...मां मैने रसोई की सफाई कर दी है। और बचा हुआ सामान फ्रिज में एक बाउल में कर दिया है....बचा हुआ सामान फ्रिज में क्यों......पूनम तूने अपनी बहु को बताया नहीं....हमारे यहां बचा हुआ कोई नहीं खाता। सब फेक दिया जाता है.... बुआ जी बचा हुआ खाना फेकना क्यों.....काम आ जाता है...और अन्न को फेकना तो अन्न का अपमान हुआ न बुआ जी....पूनम....मैने मना किया था छोटे घर की लड़की को बहु मत बना। देखा तूने...बचे हुए खाने पर ज्ञान बांट रही हैं। हमारे घर में



कौन सी कमी है जो हम बचा हुआ दोबारा खाए....काम तो सिखाया नही मां ने जुबान चलानी अच्छे से सिखाई है....

बुआ जी क्षमा कीजिए, मां ने खाना बनाना नहीं सिखाया लेकिन बने हुए खाने की क्या कीमत है वो जरूर सिखाया है..पूनम..तेरी बहु जवाब दे रही है मुझे... जीजी वंदना सही कह रही है, खाना बनाना तो वो अब भी सीख जाएगी लेकिन जो संस्कार इसकी मां ने इसे बचपन से सिखाए वो अब नहीं सीख पाती ये। भाग्य से मिलती है ऐसी बहु जीजी...बुआ जी वंदना की सास को वंदना के खिलाफ भड़काना चाहती थी लेकिन वंदना के संस्कारों और उसकी सास की सूझ बुझ के कारण वो ऐसा कर नहीं पाई....आज वंदना की सास को विजेता होने की खुशी महसूस हो रही थी....क्योंकि वो अपनी बहु के साहस के कारण ही अपनी ननद को जवाब दे पाई.....वंदना और उसकी सास एक दूसरे को देख कर मुस्करा रही थी और बुआ जी वंदना के कहे को समझने का प्रयास कर रही थी।

● पारुल अग्रवाल मित्तल

# प्रसाद

ले ले अम्मां! जल्दी-जल्दी रख, अभी और लाई। हांफते-कांपते हुए शीला बोली। थोड़ा दम तो ले। इतनी तेज दौड़ती चली आ रही है, जैसे सब लुटा जा रहा हो। यही समझ। लंबी-लंबी सांसें भरते हुए शीला बोली। मां चटपट-चटपट पूड़ियां हलवा रखते हुए-काश! रोज ऐसे ही प्राण-प्रतिष्ठा हो, तो हम जैसे गरीबों को अन्न के लिए दर-दर भटकना न पड़े। अम्मा ये प्राण-प्रतिष्ठा क्या होती है। ज्यादा तो हमें नहीं पता, पर उस दिन कुछ नेता बस्ती में प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण बांटते हुए कह रहे थे, घर-घर झंडा फहराएंगे। फलाने की सरकार फिर बनाएंगे।

शीला खुशी से उछलते-कूदते हुए, उस भीड़ की ओर भागी जा रही थी, जिधर प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद बंट रहा था।

● सुरेश सौरभ



# बसंत का बजट

व्यंग्य

ब**जट** बड़ा रे संसार में किसी बड़भागी ने पाया। क्या आपने भी बजट पाया?

बजट आ गया बजट आ गया, मौसम में जैसे बसंत आ गया। अब डाली डाली पर सब्सिडी के फूल खिलेंगे, कहीं अनुदान तो कहीं अधिशेष के फल बटेंगे। लेकिन यह उन्हीं राज्यों को मिलेंगे जहां उनके हित सधेगे। हम और तुम तो शायद बस हाथ मसलते रहेंगे। हां, बजट की सुन घर की गृहिणी भी मुस्कुराई, झट से पिया जी के पास आई। बजट आ गया बजट आ गया गृहिणी ने गृह स्वामी से कहा। कुछ अनुदान राशि उसकी कूदती और रेगती रसोई को बूस्ट करने के लिए दे दो, धन विधेयक, वित्त विधेयक, विनियोग विधेयक अपने पास रखो। हमें तो कुछ उधार दे दो। 5 ट्रिलियन इकोनामी को अपने मेहमानों की मेहमान नवाजी के लिए रखो। मुझे तो बस उसमें से एक पाई उधार दे दो। लेकिन गृह स्वामी के सिर पर जू भी नहीं रेंगी। फटकारते हुए बोला महंगाई कितनी बढ़ गई? एक धेला तुमने कभी कमाया नहीं, रसोई संभालन तुम्हें आता नहीं, किस बात का तुम्हें घर खर्च दे दूं? पत्नी ने रूआसे मुंह से फिर समझाया। मैं तुम्हारा राजस्व व्यय नहीं हूं की लौट कर नहीं आएगा। पत्नी तो पूंजीगत व्यय है घर में सुख, समृद्धि वही लाएगा। पत्नी बोली तुम चाहो तो आपातकालीन फंड भी अपने पास रखो। मुझे तो बस आटा, दाल मिल जाए इसका इंतजाम कर दो। मंदी पर मंदी पड़ी है। जून तक चून का हिसाब कर दो। चलोऐ लेखानुदान से ही सही कुछ तो अग्रिम राशि भुगतान कर दो। इस गरीब गृहिणी पर थोड़ी सी अपने धन की हेलीकॉप्टर वर्षा कर दो। माना संविधान में बजट शब्द का प्रावधान नहीं है, किंतु शास्त्रों से तो जाना है। आधा हिस्सा अर्धांगिनी के हक ही तो आना है। उधर से जवाब आया, यह अब तुम्हारा अंतरिम बजट होगा। इधर गृहिणी को अंतिम बजट होगा, यह सुन उसका मन घबराया।

वह मन ही मन सोच रही थी। जीरो बजट कभी वह जीवन में नहीं लाई , हमेशा ही उसकी सरकार ने सरप्लस बजट की स्लीप दिखलाई थी। सचमुच भारतीय गृहिणी ने रसोई में कभी राजकोषीय घाटा नहीं दिखाया। फिर भी उसके जीवन में यह दिन क्यों आया? वह अक्सर सात्विक भोजन पकाती है,तभी बचत कर ,घर पर घर बनवाती है।

एक रसोई घर की होती है। दूसरी महलों और मकान की भी होती है। जहां बात महलों वाली रसोई की होती है। वहां बैठ कोई सीता आज भी कहीं रोती है। सीता रोए
मेरे परिणाम
यही भजन
कहकर धरती में समाहित होती है। दंडकारण्य के दंड को भोगकर भी मौन रहती है।

शायद इन्हें पत्नी का मोरल साइंस पसंद नहीं आता, इन्हें तो प्रेमिका का मैथमेटिक्स ही लुभाता। लेकिन आज भारत भाग्यशाली है। सीतारमण यहां रसोई का बजट लेकर आई है, फिर भी कुछ घरों में यह बजट अभी भी नहीं पहुंच पाएगा। कालाबाजारी, मुनाफाखोरी का दानव इसे बीच में ही खायेगा। जो बचेगा वह पति की सौतन महंगाई और मुद्रास्फीति ले जाएगी। घर की बहू बेचारी मुंह ताकती रह जाएगी। सचमुच बसंत का बजट हर पेड़ पर नहीं आता।

● एकता शर्मा





# कितना आसां है पति हो जाना

जी**वन** की दीगर आवश्यकताओं की तरह पति होना हमेशा से अनिवार्य आवश्यकता रहा है। यदि इसकी पूर्ति हो गई तो फिर बाकी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु हम स्वत: जुट जाते हैं और फिर जीवनपर्यंत जुटे ही रहते हैं। मैं गारंटी से कह सकता हूं कि यदि एक बार आप पति हो गए तो जब कहेंगे सिर्फ झोला उठाकर चलने की बात कहेंगे, झोला उठाकर चल देने की बात भूले से भी नहीं कह पाएंगे। किशोरावस्था खत्म होते ही पति होने की चिंता शुरू होती है। कोई किशोर या कुमार पति न भी होना चाहे तो समाज उसे पति बनाकर छोड़ता है। होली न खेलने वाले की तरह कई बार तो तेजी से वरिष्ठ होते युवाओं को जात-पात के कट्टर ठेकेदार भी विजातीय विवाह की छूट दे डालते हैं कि कैसे भी वह पति बन जाए। कई बेचारे पति बनने के लिए घर-खेत तक बेच डालते हैं। कई लमसेना टाइप बंधुआ मजदूर तक बन जाते हैं, हालांकि यह आम बात है। कन्याओं द्वारा लगातार खारिज होने से हतोत्साहित या फिर अन्य कारणों से पति हो जाने की दहलीज पर खड़ा कोई बंदा यदि लंबे समय तक पति बनने से इंकार करता रहे तो समाज उसे शक की निगाह से देखने लगता है। उस बेचारे की हालत दुनिया करे सवाल तो मैं क्या जवाब दूं वाली हो जाती है। अकेला आदमी गदर वाला सनी देओल बन दुनिया से लड़ भी लें, लेकिन बात घर में लड़ाई की हो तो वह नसीब अपना-अपना वाला ऋषि कपूर बन जाता है और फिर वह कभी भी, कहीं भी, किसी भी चंदो का पति बन जाता है। पति हो जाना जितना आसान है, पति बने रहना उतना ही कठिन। आदमी मजबूरीवश या खुशी-खुशी पति तो बन जाता है लेकिन बहुत जल्दी उसकी हालत पतित सी हो जाती है। धीरे-धीरे वह वक्ता से श्रोता बनता चला जाता है। पहले पत्नी, फिर माता-पिता और फिर सार्वजनिक श्रोता बन जाता है। पहले आदमी शादी के बाद पति बनता था अब शादी के पहले पति बन जाता है। ना, ना...आपकी सोच गलत दिशा में जा रही है। मेरा आशय उसके सेवाकालीन प्रशिक्षण बअरक्स सेवापूर्व प्रशिक्षण से है। आजकल सगाई होते ही पत्नियों द्वारा अपने होने वाले पतियों का प्रशिक्षण शुरू हो जाता है,जो मोबाइल गिफ्ट करने से शुरू होकर चैन ( सुख ) स्वाहा करने तक चलता रहता है। पत्नी,सहेली और भाई के बर्थडे पर पति को क्या लाना है। सगाई की मंथगांठ को कैसे यादगार बनाना है। मम्मी-पापा से कैसे बात करना है आदि का व्यक्तिवार प्रशिक्षण दिया जाता है। बंदी जीवन की तरह पहले की सारी आदतें छोड़,नई आदतें सीखने की सलाह। गोया पत्नी के मायके नहीं मांडले जेल जाने की तैयारी करवाई जा रही हों। विकसित देशों में सुजननिकी का नियम प्रभावशील है। माने उधर अनुवांशिक रोगी, खालिस निठल्ले, मूर्ख और पतित लोगों को पति बनने की सख्त मनाही है। हम खुशकिस्मत है कि हमारे देश में ऐसा नहीं है। इधर तो एक बार काम का आदमी पति बनने से रह जाए या देर से पति बनें लेकिन निठल्ला आदमी पहले पति बनता है और पिता भी। किंवदंती है पति बनने के बाद ही बेगार आदमी की किस्मत और हाथों के ताले खुलकर लखपति बनने के रास्ते खुलते हैं। दरअसल यह किंवदंती ही पति होने की मुश्किलें बढ़ाती है। किसी शायर ने ठीक ही लिखा है।

सुबह सवेरा दफ्तर बीवी बच्चे महफिल नींदें रात,
यार किसी को मुश्किल भी होती है इस आसानी पर।

● मुकेश राठौर

# महिला डिग्री कॉलेज जखनियां में जिलाधिकारी ने छात्राओ में बांटे 594 स्मार्टफोन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम माता तेतरी देवी सच्चिदानन्द गर्ल्स पी0जी0 कालेज अलीपुर मदरा जखनियां में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में 594 छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग मे युवा के लिए स्मार्ट फोन जीवन का आधार है जिसके द्वारा युवा वर्ग देश-विदेश की खबरें पढ़ने लिखने की सुविधा ले सकते है। इस स्मार्ट फोन से छात्राओ को ज्यादा सुविधा मिलेगी क्योकि गांव मे बच्चियों को बाहर नही निकलने दिया जाता है। यह स्मार्ट फोन उन लोगो के लिए आत्मनिर्भर बनने की सुविधा उपलब्ध कराकर शिक्षित करने मे मददगार होगा। उन्होने कहा कि इसके सकारात्मक तथा नकारात्मक उपयोग है लेकिन आप इसका दुरपयोग न करके सद्उपयोग करे। आप लोग इसका उपयोग कर-के शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बने जिससे जनपद का नाम रोशन हो। जिलाधिकारी ने निर्वाचन के प्रति छात्राओ को जागरूक करते हुए कहा कि जो भी छात्राएं 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर चूकी है वे फार्म 6 भरकर मतदाता सूची मे नाम दर्ज करवाते हुए मतदान मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा भानू प्रताप सिंह, विद्यालय के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य एवं अन्य अध्यापकगण एवं छात्रएं उपस्थित रहे।

## भाजपा युवा नेता पियूष राय ने दीवाल पर चुनाव चिन्ह बनाकर लोकसभा का दिया संदेश

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश पर क्षेत्र की सबसे बड़ी पंचायत शेरपुर में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा के युवा नेता पियूष राय ने दिवाल पर चुनाव चिन्ह कमल का फूल एवं अबकी बार फिर भाजपा सरकार का दिवाल पेंन्ट कर संदेश दिया । इस मौके पर पीयूष राय ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने के लिए कमल के निशान पर मोहर लगाकर उनके हाथों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले 10 वर्षों में की कार्यकाल में महिलाओं एवं आमजन के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर इन कल्याणकारी योजना से समाज के सभी वर्ग के सभी लोगों को




इसका सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ समाज के सभी बर्गों को बिना भेदभाव के आमजन को लाभान्वित कर रही है। इस मौके पर सतीश राय, राजेश राय बागी, डा0 आलोक राय, ओमप्रकाश राय, जयशंकर राय, सत्यम राय, कालेश्वर निषाद, पप्पू राय आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पहुंचे शासन प्रशासन के आला अधिकारी, जिम्मेदारों को कड़ा निर्देश

प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश सूबे के मुख्यमंत्री का कबीर मगहर महोत्सव में आगमन के मद्देनजर मंडलायुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आर.के.भारद्वाज द्वारा संयुक्त रुप से सीएम के आगमन के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर लिया जायजा। मंडलायुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आर.के.भारद्वाज द्वारा जिलाधिकारी महेन्द्र तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की उपस्थिति में कबीर चौरा मगहर के प्रांगण में आयोजित हो रहे मगहर महोत्सव में सूबे के मुखिया के आगमन के दृष्टिगत संयुक्त रुप से हेलीपैड व कार्यक्रम स्थल का



निरीक्षण किया गया । अधिकारीयो के द्वारा निरीक्षण के दौरान मगहर महोत्सव के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन के संबंध में डयूटी पर लगाये गये विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये । इस दौरान अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, उपजिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक खलीलाबाद सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## स्वच्छ पर्यावरण और सुखी जीवन के लिए पौधरोपण पुनीत कार्य है

प्रखर कसया, कुशीनगर। स्वच्छ पर्यावरण और सुखी जीवन के लिए पौधरोपण पुनीत कार्य है। पर्यावरण प्रदूषण से बचाव के लिए सघन पौधरोपण को लेकर जन जन को जागरूक करना होगा। उक्त बातें सामजसेवी व पूर्व छात्र संघ महामन्त्री बुद्ध पीजी कालेज कुशीनगर अशोक कुमार सिंह ने अपने जन्मदिन पर नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड संख्या 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर स्थित श्रीराधा कृष्ण मठ परिसर में पौध रोपण करते हुए कही। श्री सिंह ने कहा कि स्व्च्छता की पहल खुद से शुरू करनी होगी और स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ जलवायु और स्वच्छ परिवेश के लिए इमारती, औषधीय, फलदार, पुष्प के पौधों को लगावें और दूसरों को भी



प्रेरित करे। इसी क्रम में बुद्ध स्थली पर सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह, सभासद गिरिजेश सिंह, सभासद अजेंद्र कुमार सिंह, सभासद प्रभुनाथ सिंह सहित युवाओं ने केक काटकर श्री सिंह को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरानसनौवर अंसारी, अजय कुमार सिंह, दुर्गेश सिंह, पिंटू सिंह, मुन्ना शर्मा, रौनक कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सत्य प्रकाश त्यागी रहे।

## कबीर मगहर महोत्सव में जिला कृषि विभाग के द्वारा श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रखर संतकबीरनगर। कबीर मगहर महोत्सव में कृषि विभाग द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें श्री अन्न उत्पादक कृषक, कृषक उत्पादक संगठन जैविक खेती के संबंध में चर्चा की गई। डॉक्टर देवेश चौधरी द्वारा मनुष्य आहार में श्री अन्न का महत्व इसकी खेती की विधाएं के बारे में जानकारी दी गई। डॉ राघवेंद्र द्वारा श्री अन्न की खेती के उत्पादन मार्केटिंग एवं प्रसंस्करण के संबंध में कृषक उत्पादक संगठन की भूमिका के संबंध में अवगत कराया गया। डॉक्टर भुवनेश पांडेय द्वारा जैविक खेती के महत्व पर चर्चा की गई। उप निदेशक कृषि द्वारा बताया गया कि जनपद में किसानों को इस वर्ष निशुल्क श्री अन्न के बीज उपलब्ध कराए गए थे ऐसे किसानों को श्री अन्न के सर्वश्रेष्ठ उत्पादक के रूप में चिन्हित कर उन्हें कृषक उत्पादन संगठनों से जोड़कर पर संस्करण ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग कराई जाएगी इसके लिए जनपद में संस्करण मिनट पर संस्करण यूनिट स्टोर, मिलट मोबाइल वैन के लक्ष्य आवंटित हुए हैं जनपद के कृषक जिनके द्वारा यंत्रों की सोलर पंप की बुकिंग की गई है समय से यंत्र ट्रैक्टर अपनी बुकिंग सुनिश्चित करे। इस अवसर पर कबीर मठ के महंत डॉक्टर लक्ष्मण दास जी, पर्यावरणविद डॉक्टर भुवनेश्वर पांडे, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर आरबी सिंह, डॉक्टर देवेश कुमार कृषि विभाग से उप कृषि निदेशक डॉक्टर राकेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी सी0पी0 सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी शशांक, प्रगतिशील कृषक सुरेंद्र राय, लक्ष्मण चौधरी, राम बहादुर मिश्रा इत्यादि प्रगतिशील कृषक एवं महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित हुई।



## भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में 3 से 5 फरवरी तक विशाल क्षेत्रीय किसान मेले का आयोजन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। भा.कृ.अनु.प. भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी 3 से 5 फरवरी 2024 तक शहंशाहपुर परिसर में तीन दिवसीय विशाल क्षेत्रीय किसान मेले का आयोजन कर रहा है इस मेले में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सूर्य प्रताप शाही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे` संस्थान के निदेशक डॉ.तुषार कान्ति बेहेरा ने बताया कि उन्नत कृषि उपायों के माध्यम से मानव स्वास्थ्य एवं कृषक समृद्धि पर आयोजित होने वाले इस मेले में सब्जियों की उन्नत खेती,पालीहाउस,हाई टेक नर्सरी,जैविक खेती, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन,कृषि यंत्रीकरण, ड्रोन,कीट एवं रोग प्रबंधन जैसे विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किये जायेंगे जिसमें देशभर से आये कृषि विशेषज्ञ किसानों के साथ संवाद करेंगें` मेले में मुख्य आकर्षण सब्जी प्रदर्शनी एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा कृषि उत्पादों/ यंत्रों का प्रदर्शन एवं विक्रय है` राज्य और केंद्र सरकार,विश्वविद्यालयों, आईसीएआर संस्थानों कृषि-व्यवसाय संस्थानों और अनेक कंपनियों के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति और 6 अलग- अलग राज्यों के 5 हजार से अधिक किसान तीन दिनों तक आयोजित होने वाले इस मेले में भाग ले रहे हैं` निदेशक डॉ बेहेरा ने संस्थान के निकटतम गाँवों के किसानों का आवाहन किया है कि वे अधिकतम संख्या में सम्मिलित होकर मेले में आयोजित किये जा रहे विभिन्न सत्रों के माध्यम से उन्नत कृषि की जानकारी हासिल करें।




## बीएसए से अपना प्रोन्नत वेतनमान देने की मांग करते करते शिक्षक हुए रिटायर

प्रखर वाराणसी। जनपद वाराणसी में बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के अधिकारों की सुधि लेने वाला आज कोई नहीं है। जिला प्रशासन एवं शिक्षाधिकारी चाहते हैं कि शिक्षक सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्यों को विद्यालय के दिनों में ही नहीं सार्वजनिक छुट्टियों के दिनों में भी करें लेकिन अपने अधिकारों के लिए मुंह न खोलें। इसकी बानगी एडी बेसिक कार्यालय में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" के नेतृत्व में 22 वर्षों की अनवरत सेवा के बाद भी उन्हें बीएसए द्वारा नहीं दिए गये प्रोन्नत वेतनमान दिलवाने के लिए एडी बेसिक वाराणसी मंडल सत्यप्रकाश त्रिपाठी से मिलने पहुंचे शिक्षकों ने दिया। जनपद वाराणसी में पिछले 22 वर्षों से विद्यालयों में अपनी अनवरत सेवाएं देने वाले शिक्षकों को मिलने वाले प्रोन्नत वेतनमान को देने हेतु बीएसए वाराणसी को निर्देशित करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" ने एडी बेसिक सत्यप्रकाश त्रिपाठी से प्रभावित शिक्षकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के बीच उन्हें लिखित ज्ञापन देकर आग्रह एवं वार्ता



किया। जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय"शेखर" ने बताया की राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी द्वारा विगत तीन वर्षों में बीएसए वाराणसी को कई बार जनपद के ऐसे शिक्षक जिन्होंने 10 वर्ष के चयन वेतनमान के बाद और 12 वर्ष अर्थात कुल 22 वर्ष की संतोषजनक सेवा कर ली है को प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए ज्ञापन दिया परंतु आज तक इन शिक्षकों को बीएसए द्वारा प्रोन्नत वेतनमान नहीं दिया गया जिससे तमाम शिक्षक बिना प्रोन्नत वेतनमान पाए रिटायर हो गए जिससे उनका भारी आर्थिक नुकसान हुआ। शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" ने एडी बेसिक को बताया कि इस संदर्भ में आपको भी ज्ञापन देकर बीएसए को निर्देशित करने के लिए निवेदन किया गया था जिस पर आपने बीएसए वाराणसी को पत्र जारी करके शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए निर्देशित किया था परंतु बीएसए ने आपके भी निर्देश को नहीं माना जो बेहद निराशाजनक है। जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" ने एडी बेसिक सत्यप्रकाश त्रिपाठी से मांग किया शिक्षकों को तंय समय में प्रोन्नत वेतनमान देने हेतु बीएसए वाराणसी को सख्त निर्देश जारी करने का कष्ट करें जिस पर एडी बेसिक ने कहा कि पदोन्नति की प्रक्रिया में तो सचिव बेसिक शिक्षा के निर्देश का बीएसए लोग इंतजार करते हैं परंतु प्रोन्नत वेतनमान रुटीन प्रक्रिया है जो बीएसए के स्तर से संपादित होता है ऐसे में वाराणसी के बीएसए ने किन कारणों से अर्ह शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान नहीं दिया है उसके विषय में मैं उनसे वार्ता करुंगा और यदि इसमें कोई कानूनी अड़चन नहीं होगी तो मैं उन्हें शिक्षकों को जल्द से जल्द प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए निर्देशित करुंगा। एडी बेसिक सत्यप्रकाश त्रिपाठी से वार्ता के दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय के साथ कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल,महामंत्री आनंद कुमार सिंह,उपाध्यक्ष अरविंद द्विवेदी,संयुक्त महामंत्री आशुतोष पाण्डेय,संयुक्त मंत्री रितु ओबराय,महिला विंग की महामंत्री डाक्टर कुमुद सिंह,आराजीलाइन्स ब्लाक के अध्यक्ष अमिताभ राय,चोलापुर ब्लाक के अध्यक्ष पवन सिंह,पिंडरा ब्लाक के अध्यक्ष संजय पांडेय,हरहुआ ब्लाक के महामंत्री वीरेंद्र सिंह,काशी विद्यापीठ ब्लाक के संयोजक संजय गुप्ता, आराजीलाइन्स ब्लाक के कोषाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी,मनीष दुबे,अमित कुमार,सुनीता सिंह,सद्गुरु शरण द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में प्रोन्नत वेतनमान न मिलने से प्रभावित शिक्षक उपस्थित रहे।

## 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सृजन सामाजिक विकास न्यास एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वेटलैंड दिवस मनाया गया



प्रखर वाराणसी। गंगा हरितिमा अभियान के ब्रांड अंबेसेडर एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के मिशन एक करोड़ पौध रोपण तहत आज विश्व वेटलैंड दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल दिवस पर कृषक उत्पादक संगठन टिकरी वाराणसी, सीआर पीएफ 95 बटालियन तथा बन बिभाग के साथ ग्राम सभा टिकरी के तालाबों एवं राजनारायण पर्यावरण बन में स्वच्छता अभियान चलाकर कर तालाबों को स्वच्छ बनाकर जलीव जीवों एवं पक्षियों को बचाने का लिया संकल्प संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने सीआरपीएफ के जवानों,कृषक उत्पादक संगठन के किसानों एवं टिकरी के ग्राम वासियों को दिलाया संकल्प तथा ग्रामीण कृषक बन्धुओं को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण की किया अपील जिसमें कृषक उत्पादक संगठन टिकरी वाराणसी के अध्यक्ष ई अमित सिंह, सचिव डा राम कुमार राय, हनुमान सिंह सहायक कमांडेंट 95 बटालियन, प्रवीण सिंह पी आर ओ सी आर पी एफ के साथ उनकी पूरी टीम सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्यों एवं कृषक बन्धु, वन विभाग से राजकुमार गौतम डिप्टी रेंजर, राहुल कुमार वनरक्षक रणविजय मौर्य वनरक्षक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें सी डिओ वाराणसी हिमांशु नागपाल के निर्देशन में एवं कमान्डेंट 95बटालियन अनिल कुमार बृक्ष के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ तथा पौध रोपण भी किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी के सीएम का संतकबीरनगर जिले में आगमन आज, करोड़ों की योजनाओं का करेंगे लोकार्पण



प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 3 फरवरी को कबीर मगहर महोत्सव कार्यक्रम में आगमन हो रहा हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर स्थानीय शासन प्रशासन कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप देने में युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है। कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों में किसी भी प्रकार से चूक न हो इसका पूरा ख्याल रखते हुए मगहर कबीर परी निर्वाण स्थली पर जिले से ले कर मंडल स्तर के अधिकारी पूरी पूरी नजर बनाए हुए हैं। आपको बताते चलें कि कबीर मगहर महोत्सव की शुरूआत 28 जनवरी को हुई थी, जिसका समापन 3 फरवरी को होना है। समापन के अवसर पर उत्तर प्रदेश सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में करेंगे शिरकत। संत कबीर नगर जिले को लगभग 350 करोड़ की सरकारी योजनाओं का करेंगे लोकार्पण। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत नवविवाहित 600 जोड़ों को देंगे आशीर्वाद। आधिकारिक सूत्रों के तरफ से मिली जानकारी के अनुसार कबीर मगहर महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन दोपहर के बाद होने की सूचना प्राप्त हुई हैं। संत कबीर नगर जिले की सम्मानित जनता मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर काफी उत्सुक है लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री महोदय जिले में आए और जिले को विकास के नए आयाम से जोड़ने के लिए योजनाओं का लाभ हमें मिले ऐसी उम्मीद और आशा हम लोग करते हैं ।

### मां शीतला धाम का दर्शन करने के बाद नए जिला अधिकारी ने संभाला कार्यभार



प्रखर जौनपुर। नवागत डीएम रविन्द्र कुमार मंदर ने पदभार संभाला,शहर में पहुंच कर सर्व प्रथम उन्होंने मां शीतला चौकियां धाम में मां का दर्शन व पूजन अर्चन किया ,पूजा करने के बाद उन्होंने शुक्रवार को दोपहर में ट्रेजरी कार्यालय पहुंच कर कार्यभार ग्रहण किया,जहां उन्होंने शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करने की बात कही,वही कार्यालयो में समय से जनता सुनवाई के लिए सभी अधिकारियों ,कर्मचारियो को समय से अपने कार्यालय में पहुंच कर जनता की समस्याओं को सुनने के लिए डीएम ने मातहतों को निर्देशित भी किया,इस दौरान जमीन संबंधी समस्याओं के निवारण के लिए भी त्वरित सुनवाई के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को ध्यान देने को कहा।कार्यभार ग्रहण के बाद कलेक्ट्रेट के तमाम अधिकारियों सहित सीडीओ एवम अन्य अधिकारी और कर्मचारियों संग मीटिंग की।

### बैंक से पेंशन का पैसा लेकर घर लौट रहे वृद्ध के साथ हुई उचक्का गिरी, घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग



प्रखर जौनपुर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के मखदूमशाहअढ़न निवासी सैयद हसन अब्बास नकवी पुत्र स्व सैयद गुलाम अब्बास नकवी ने थाने में तहरीर दिया कि गुरूवार को वे कचहरी रोड स्थित स्टेट बैंक से दोपहर साढ़े बारह बजे अपनी पेंशन का पचास हजार रुपए निकालकर वापस घर जा रहे थे कि घर के पास ही कल्लू इमामबाड़ा के आगे बाइक सवार हेलमेट लगाये एक युवक उनसे पैसा छीनकर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि जब वह बैंक से पैसा निकालकर ऑटो रिक्शा से घर वापस लौट रहे थे तो उनके साथ एक अन्य युवक भी ई रिक्शे पर बैठा था।उसके इशारा करने पर ही बाइक सवार युवक ने घटना को अंजाम दिया है। सूचना मिलने पर सीओ सिटी,शहर कोतवाल मिथिलेश मिश्रा ने जांच शुरू करते हुए सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जिसमें कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी फिलहाल पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आयेगा उसके अनुसार कार्रवाई की जायेगी। उधर घटना घटने के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगो में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि दिन दहाड़े कोतवाली से महज कुछ दूरी पर ऐसी घटना घटने से आम लोग अपने आप को भयभीत महसूस कर रहे हैं।

### त्रयोदशी का त्याग कर किया पौधरोपण और स्टेशरी का वितरण



प्रखर पिंडरा वाराणसी। त्रयोदशी के कार्यक्रम को त्याग कर एक परिवार ने पौधरोपण के साथ असहाय बच्चों के बीच शुक्रवार को कॉपी पेन का वितरण किया। विगत दिनों देवराई निवासी व प्राथमिक विद्यालय धरसौना के स0अ0 अनुरुद्ध वर्मा की 41 वर्षीय पत्नी संगीता वर्मा का कैंसर के बीमारी निधन हो गया था। जिसपर त्रयोदशी (तेरहवीं) पर ब्राह्मण भोज का बहिष्कार करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पौधरोपण व बच्चों को कॉपी पेंसिल वितरित किया। वही श्रद्धांजलि सभा मे उपस्थित लोगों ने इस तरह के कार्यक्रम की सराहना की। इस दौरान रमा ऊदल, डॉ विष्णु पाल, सकलदेव सिंह , शैलेन्द्र वर्मा, संजय गुप्ता, सतीश सेठ, राजेश यादव , भैयालाल प्रजापति, अजीत मिश्रा, अरविंद वर्मा, सीताराम, पप्पू गिरी, डॉ अशोक पाल समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं